नई दिल्ली
बुधवार, 2 जुलाई 2025
आषाढ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

न्यूयॉर्क में न्यूजवीक के सीईओ देव प्रगाद से बातचीत में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी बर्दाश्त नहीं, आतंकवाद के खिलाफ एक्शन होगा

- चीन के नजरिए से भारत-अमेरिका संबंधों को न देखने की अपील की
- यूएन मुख्यालय में आतंकवाद के विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर इन दिनों अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसमें उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की अगुवाई वाले चतुष्कोणीय क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व करना है। ये बैठक इसी साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले



के बाद हो रही है। लेकिन इसके पूर्व में ही जयशंकर ने परमाणु हथियारों की धमकी से डरे बिना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से बेहद सख्ती से निपटने के भारत के मजबूत इरादों को पूरी दुनिया के सामने साफ कर दिया। साथ ही भारत-अमेरिका संबंधों को चीन के चश्मे से न देखने की अपील की। उन्होंने कहा, दोनों देशों के संबंध बहुआयामी हैं। जिसमें रणनीतिक, व्यापारिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक जुड़ाव शामिल हैं। न्यूयॉर्क में बीते सोमवार को 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देव प्रगाद के साथ संवाद में विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएन) में 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसका आयोजन यूएन में भारत के स्थायी मिशन ने किया था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### द्विपक्षीय था संघर्षविराम

*संवाद के बाद प्रश्नोत्तरी में जयशंकर ने कहा, भारत-पाक संघर्षविराम में अमेरिकी राष्ट्रपति या व्यापार की कोई भूमिका नहीं थी। इसका भारत, अमेरिका के बीच व्यापार बातचीत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। व्यापार से जुड़े लोग इसमें लगे हुए हैं, जो बेहद पेशेवर हैं और अपने काम को लेकर बेहद केंद्रित हैं। भारत में इसे लेकर राष्ट्रीय सर्वसम्मति है कि हमारी पाकिस्तान के साथ कोई भी गतिविधि द्विपक्षीय है। इसमें भी विशेष तौर पर मैं 9 मई की रात अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा प्रधानमंत्री से फोन पर की गई बातचीत का उल्लेख करना चाहता हूं। मैं भी उसी कक्ष में मौजूद था। जिसमें वेंस ने कहा कि अगर आप कुछ चीजें स्वीकार नहीं करते हैं तो पाकिस्तान, भारत पर बड़ा हमला करेगा। लेकिन हमारे* ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद पर शीर्ष नेतृत्व ने लगाई मुहर

## विधायक हेमंत खंडेलवाल के हाथ प्रदेश भाजपा की 'कमान'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लंबे इंतजार के बाद अंततः मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद विधायक हेमंत खंडेलवाल के हाथ प्रदेश भाजपा की कमान सौंप दी गई। जैसे ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने इशारा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अगली पंक्ति में बैठे हेमंत के पास पहुंचे और उनका हाथ पकड़ कर मंच तक ले गए। चुनाव अधिकारी विवक शेजवलकर, चुनाव प्रभारी केंद्रीय



मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पर्यवेक्षक सरोज पांडे के समक्ष हेमंत ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन फार्म में हेमंत के प्रस्तावक मुख्यमंत्री डॉ. यादव बने। एक ही नामांकन दाखिल होने के कारण हेमंत खंडेलवाल का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है, हालांकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन राज्यों को भी मिले भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

*नई दिल्ली। 6 राज्यों में भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं उनमें महाराष्ट्र के रविंद्र चव्हाण, हिमाचल प्रदेश में डॉ.राजीव बिंदल, उत्तराखंड के महेंद्र भट्ट, आंध्र प्रदेश में पीवीएन माधव, तेलंगाना के एन रामचंदर राव और मिजोरम में के बेंचुआ चुने गए हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आज से 5 देशों के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा करने वाले हैं। ये



सभी देश कूटनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं। इनमें से तीन घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया ऐसे हैं, जहां पीएम पहली बार जाने वाले हैं। इसके अलावा वे ब्राजील और अर्जेंटीना भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था आज होगा रवाना

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले



जत्थे को भगवती नगर आधार शिविर से हरी झंडी दिखाएंगे। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा दो रास्तों से शुरू होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को होगा। तीर्थ यात्रियों में भारी उत्साह है।

### आई लव यू कहना, यौन उत्पीड़न नहीं: हाई कोर्ट

**नागपुर।** किसी युवती या महिला से सिर्फ 'आई लव यू' कहना यौन उत्पीड़न नहीं है, जब तक कि इन



शब्दों के साथ ऐसा आचरण न हो जो स्पष्ट रूप से उस पुरुष के यौन इरादे को दर्शाता हो। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के कथित आरोपी को बरी कर कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# अगले 2 साल में साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को मिलेगी 'नौकरी'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एम्प्लायमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत सभी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी है। सरकार का प्लान इस योजना के तहत 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को नौकरी देना है। वहीं, पहली बार काम करने वालों पर नियोक्ताओं को सरकार 2 किस्तों में एक महीने के वेतन के बराबर सब्सिडी 15000 रुपए तक देगी।

इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए पहली बार काम करने वालों के लिए प्रोत्साहन देना है। साथ ही देश में बेरोजगारी को कम करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस स्कीम को लेकर विस्तार से जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ दो वर्षों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पहली बार नौकरी करने वालों पर नियोक्ताओं को मिलेगी सब्सिडी**

*इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए पहली बार काम करने वालों के लिए प्रोत्साहन देना है। साथ ही देश में बेरोजगारी को कम करना है*



फाइल फोटो

**इस स्कीम पर एक लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे**

**»** ***इस स्कीम का फोकस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर होगा***

**»** ***इस स्कीम का ऐलान बजट के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने किया था***

### दो किस्त में दी जाएगी सब्सिडी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका फोकस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर होगा। इसके दो पार्ट फर्स्ट टाइमर और सस्टेन एम्प्लॉयमेंट के लिए बनाए गए हैं। फर्स्ट टाइमर को जॉब ढूंढ़ने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए फर्स्ट टाइमर पर सब्सिडी की मंजूरी दी गई है, जिसमें अधिकतम 15000 रुपए तक दिया जाएगा। यह दो किस्त में दिया जाएगा। एक छह महीने और दूसरा 12 महीने- इस सब्सिडी का लाभ कंपनियों को दिया जाएगा। दूसरा सस्टेन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शोध और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़

मोदी कैबिनेट में कुछ और बड़े फैसले हुए हैं। इसमें रणनीतिक और उभरते सेक्टर्स में रिसर्च, डेवलपमेंट और नवाचार को बढ़ाने के लिए अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। इसका उद्देश्‍य निजी क्षेत्र को उभरते क्षेत्रों और आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य और आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, कैबिनेट ने तमिलनाडु में 4-लेन परमकुडी - रामनाथपुरम खंड (46.7 किमी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

### अमेरिका, इजराइल, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के मॉडल की स्टडी

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन वाली योजना को तैयार करने से पहले अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एएनआरएफ) ने दुनिया के कई देशों के सफल शोध मॉडलों का अध्ययन किया। इनमें अमेरिका, इजराइल, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के मॉडल शामिल हैं। इन देशों में शोध से लेकर प्रोडक्ट बनाने तक की जो मजबूत व्यवस्था है, उसी से सीख लेते हुए भारत में यह नई योजना तैयार की गई है। सरकार का मानना है कि इससे देश में न केवल शोध को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनोवेशन के जरिए नए उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी।

भारत और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत

## रक्षा संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के साथ उद्योग साझेदारी के विस्तार पर हुई चर्चा



फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच मंगलवार को भारत और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। जिसमें दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने रक्षा संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के अलावा उद्योग भागीदारी के विस्तार के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ की बातचीत में रक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग का मामला शामिल किया गया। जिसमें प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान और उद्योग संबंधी भागीदारी शामिल है। साथ ही दोनों ने इस जटिल और आपसी लाभ पर आधारित भागीदारी को बढ़ावा देने पर भी अपनी सहमति प्रदान की। जिसके मुख्य स्तंभ अंतर-संचालनीयता, रक्षा-औद्योगिक सप्लाई चेन में एकीकरण, लॉजिस्टिक साझा करना, संयुक्त सैन्य अभ्यासों में वृद्धि और समान सोच वाले अन्य देशों के साथ सहयोग ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत की सूची में पाक कैदियों की कुल संख्या 463 पाक की सूची में कुल 246 भारतीय कैदी

## सरहदी तनाव के बीच भारत-पाक ने साझा की अपनी जेलों में बंद कैदियों, मछुआरों की सूची

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पश्चिमी सीमा पर जारी तनाव के मध्य मंगलवार को भारत और पाकिस्तान के बीच उनकी जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की कुल संख्या वाली सूची का कूटनीतिक माध्यमों के जरिए आदान-प्रदान किया गया। जिसमें भारत की पाकिस्तान को सौंपी गई सूची में उसके देश में उक्त दोनों कैदियों की कुल संख्या 463 (382 नागरिक कैदी, 81 मछुआरे) है। जबकि पाकिस्तान की तरफ से भारत को दी गई सूची में यह आंकड़ा 246 (53 नागरिक कैदी, 193 मछुआरे) है। विदेश मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एनएचएआई ने आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी 'अमरनाथ यात्रा' के लिए तीर्थयात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने और तैयारियों में तेजी लाने के लिए मंगलवार को एनएचएआई ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। एनएचएआई के अधिकार क्षेत्र में यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले एनएच-44 के 228 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर खंड के सभी हिस्सों की विस्तृत समीक्षा की गई। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने इस पहल का नेतृत्व किया। बैठक में एनएचएआई के सदस्य (तकनीकी) आलोक दीपांकर, जम्मू-कश्मीर सरकार के लोक निर्माण विभाग के सचिव भूपिंदर कुमार, एसीआर रामबन शोकित मट्टू, जम्मू-कश्मीर के एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य राइडिंग सर्फेस, ▶▶ शेष पेज 5 पर

इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा

## हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली राशि बढ़ाई

**»** ***अब पिछड़ा वर्ग परिवार को बतौर शगुन मिलेंगे 51 हजार रूपए***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने गरीब और ज़रूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41,000 रुपये थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। ये होंगे लाभार्थी एक सरकारी प्रवक्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

रूस के केलिनग्राद में आयोजित किया गया समारोह, नौसेना की तरफ से शामिल हुए वाइस एडमिरल सिंह

## पाकिस्तान संग तनाव के बीच नौसेना में शामिल हुआ बहुआयामी स्टेल्थ फ्रिगेट 'तमाल'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अरब सागर में भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में चार चांद लग गए हैं। इसके पीछे की बड़ी वजह बल के जंगी बेड़े में मंगलवार को शामिल किया गया अत्याधुनिक बहुआयामी स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस 'तमाल' है। जिसे रूस के केलिनग्राद में मौजूद




यांतर शिपयार्ड में आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया। नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड के प्रमुख यानी वाइस एडमिरल संजय.जे.सिंह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। तमाल की एक खास बात ये है कि भले ही इसका निर्माण रूस ने किया हो। लेकिन इसमें दोहरी भूमिका वाली लंबी दूरी की ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल और हमसा एनजी सोनर सिस्टम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली में रहते हैं, लेकिन वोट पटना में? मुख्य चुनाव आयुक्त ने दी स्पष्टता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के अधिकार को लेकर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को उसी विधानसभा क्षेत्र में मतदान का अधिकार प्राप्त है, जहां वह सामान्य रूप से निवास करता है। इस बयान ने उन लोगों के लिए स्थिति साफ कर दी है, जो अपने मूल निवास और वर्तमान निवास के बीच उलझन में रहते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने उदाहरण देते हुए कहा, अगर आप सामान्य तौर पर दिल्ली में रहते हैं, लेकिन आपका निजी घर या पैतृक निवास पटना में है, तो आपका वोट दिल्ली में होना चाहिए, न कि पटना में। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए 'सामान्य निवास' का स्थान ही आधार माना जाता है। इसका मतलब है कि जहां व्यक्ति नियमित रूप से रहता है और अपनी दैनिक गतिविधियां संचालित करता है, वही उसका मतदान क्षेत्र होगा।

**क्या कहता है लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम :** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 19 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में तभी पंजीकृत हो सकता है, जब वह उस विधानसभा क्षेत्र का सामान्य निवासी हो। 'सामान्य निवास' का अर्थ है वह स्थान जहां व्यक्ति सामान्य रूप से रहता है और उसका स्थायी या अस्थायी निवास होता है। यह नियम उन लोगों के लिए विशेष रूप से ▶▶ शेष पेज 5 पर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की डिजिटल क्षमताओं की तारीफ की

यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध

## रेलवे ने लॉन्च किया 'रेलवन' एप, यात्रियों को अब एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल यात्रियों को डिजिटल सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को 'रेलवन' मोबाइल एप लॉन्च किया। यह लॉन्च कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में संपन्न हुआ, जो रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) की 40वीं स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था।

'रेलवन' एप को यात्रियों की सभी आवश्यकताओं के लिए एक पूर्ण समाधान के रूप में तैयार किया गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

**रेलवे का नया आधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) दिसंबर 2025 तक लॉन्च किया जाएगा**



**यह हर मिनट 1.5 लाख टिकट बुकिंग और 40 लाख पूछताछ को संभालने में सक्षम होगा**

### रेलवन एप आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत

*हालांकि, आरक्षित टिकट की बुकिंग अभी भी भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के प्लेटफॉर्म पर ही होगी, रेलवन एप को आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत किया गया है और यह रेलवे की अधिकृत साझेदार एप्स की सूची में शामिल है। इस एप में एमपिन* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वैष्णव ने सीआरआईएस (क्रिस) टीम की सराहना की

लॉन्च कार्यक्रम में मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआरआईएस (क्रिस) टीम की सराहना की और भारतीय रेलवे की डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे का नया आधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) दिसंबर 2025 तक लॉन्च किया जाएगा। यह नया सिस्टम बहुभाषी, तेज और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आरोपियों ने की फर्जी पुलिस छापेमारी

# खुद को पुलिस के जवान बताकर बीमा एजेंट से लूटपाट के आरोप में आठ लोग पकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



खुद को दिल्ली पुलिस के जवान बताकर लक्ष्मी नगर स्थित एक बीमा कार्यालय के मालिक पर हमला करने, उसे धमकाने और जबरन वसूली करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी पुलिस छापेमारी की और बीमा धोखाधड़ी की फर्जी बात कहकर जांच किए जाने के बहाने शिकायतकर्ता से रुपये लूटे तथा कीमती सामान हड़प लिया। इस मामले में पीड़ित के पूर्व कर्मचारी रह चुके हनी कुमार (31) के अलावा कैब चालक सनी शर्मा (28) और अंकित जैन (32) आरोपी हैं। अन्य लोगों में बेकरी सुपरवाइजर विक्रम सिंह (35), डेटा विश्लेषक राहुल गुप्ता (27), जिम ट्रेनर राहुल यादव (27), अनिल कांत (33) और जीतपाल (42) शामिल हैं। अनिल और जीत प्रॉपर्टी डीलर हैं।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया ने बताया 26 जून को दिल्ली पुलिस की विशेष टीम के सदस्य बनकर चार लोग लक्ष्मीनगर में बीमा पॉलिसी का कार्य करने वाले सलमान (31) के कार्यालय में घुसे। आरोपियों ने कथित तौर पर उसका मोबाइल फोन और लैपटॉप छीना और उसे जबरन कार में ले गए। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि सलमान पर कथित तौर पर हमला किया गया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर उनसे 70 हजार रुपये एक खाते में स्थानांतरित करने के लिए दबाव बनाया गया तथा 80 हजार रुपये नकद भी वसूल लिए गए। लक्ष्मी नगर थाने में 28 जून को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और टीम ने उसी रात पांच आरोपियों को उस समय पकड़ लिया जब वे अपराध में इस्तेमाल की गई उसी कार में नोएडा लिंक रोड पर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न स्थानों से उनके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान पता चला कि लूट की साजिश सलमान के पूर्व कर्मचारी हनी कुमार ने रची थी, जिसने घटना से दो सप्ताह पहले ही नौकरी छोड़ दी थी। उसने कथित तौर पर सनी शर्मा को अंदरूनी जानकारी दी, जिसने फर्जी छापेमारी की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि सनी को गाजियाबाद में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक अन्य आरोपी अंकित जैन पर पहले भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि हनी कुमार व्यक्तिगत रंजिश रखता था और उसने अपराध की साजिश रचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी थी।

# रेलवे स्टेशनों के नाम बदलकर किराया बढ़ाया सुविधाएं नगण्य, गरीबों की बढ़ी परेशानी: देवेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेल के किराए बढ़ाने पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि केवल रेलवे स्टेशनों के नाम बदलकर किराया बढ़ाने से राहत नहीं लोगों की मिलती। किराया तो बढ़ाया लेकिन सुविधाएं अभी भी नगण्य है जिनके चलते गरीबों की रेल यात्रा करने में परेशानियां बढ़ेगी। यादव ने आरोप लगाए कि केंद्र सरकार बताएं कि क्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर और किराए में बढ़ोतरी करने से गरीब व मजदूर यात्रियों की मुसीबतें कम होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने के लिए लिखे गए पत्र पर यादव ने कहा कि अच्छा होता सुविधाएं बढ़ाने व गरीबों को लाभ देने के लिए लिखती। अच्छा होती कि सीएम रेखा केंद्र सरकार को लिखती कि आए दिन होने वाली रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाए। लेकिन भाजपा से गरीबों की भलाई की उम्मीद करना ही व्यर्थ है। यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने आज एक जुलाई 2025 से रेल टिकट की दरों में बढ़ोत्तरी करके गरीब और जरुरतमंद देशवासियों की जेब पर सीधा असर डाला है। रेलवे टैरिफ बढ़ोतरी करके वित्त वर्ष में 92 हजार 820 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व वसूला जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम : 1. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत** के तहत एसएसई/डब्ल्यू/**पानीपत** के DUK सेक्शन पर पुल संख्या 98, 103, 104, 106, 107, 108, 109, 110, 115, 117, 119, 129, 133, 135, 142, 143, 145, 151, 152, 154, 156A और 157 के लिए मौजूदा आर्क/ह्यूम पाइप छोटे पुलों का प्रतिस्थापन RCC बक्सों के आकार 2.00x1.35 मीटर द्वारा धकेलने की पद्धति से। 2. सहायक मंडल अभियंता/ करनाल के अधीन पत्थर की चट्टानों की आपूर्ति, ढेर लगाना और बिछाना। | |
| 2. | **अनुमानित लागत : 1.** रु. 39611945.05/- **2.** रु. 4990936.03/- | |
| 3. | **धरोहर राशि : 1.** रु. 348100/- **2.** रु. 99800/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। **नोट**:– एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| 4. | **समापन अवधी : 1.** 12 महीने **2.** 03 म्हीने | |
| 6. | **ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय** | 25.07.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे। |
| 7. | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |
| 8. | **सामान प्रकार के कार्य** | 1. किसी भी पुलों / सीमित ऊंचाई की उपरिगामी सबवे का निर्माण एयर पुशिंग कट और कवर विधि से। |

**नोट** :– शपथ पत्र संलग्नक–XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **पत्र संख्या :– 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/25–26/डब्लू–I (NIT-21-22) दिनांक :– 30.06.2025** **1979/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**प्रपत्र जी**

**नई दिल्ली में ''स्वयं की अथवा लीज पर ली हुई सम्पत्ति के साथ रियल एस्टेट गतिविधियां'' में प्रचालन कर रही विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड हेतु ''रूचि की अभिव्यक्ति'' के लिए आमंत्रण**

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया) नियमनों, 2016 के नियमन 36ए के उप–नियमन (1) के तहत]

| क्र.सं. | सम्बद्ध विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट कर्जदार के नाम सहित पैन और सीआईएन/एलएलपी नं. | **CD -** विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड **PAN No. - AACCV2844A** **CIN No. - U70109DL2006PTC151000** |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | **पंजीकृत कार्यालय :** वाईसी को–वर्किंग स्पेस, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 94, द्वारका, सेक्टर–13, मेट्रो स्टेशन के सामने, निकट रेडिसन ब्लू होटल, एन.एस.आई.टी. द्वारका, नई दिल्ली – 110078 **पता जहाँ खाते की बही मेंटेन की जानी है** 6वां तल, प्लॉट नं. 14ए, सेक्टर–18, मारुति इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, गुरुग्राम, हरियाणा–122015 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | **https://ipvictorbuildwel.com/** |
| 4. | स्थान जहां फिक्सड असैट्स की बहुलता स्थित है, का विवरण | कार्पोरेट कर्जदार के पास प्लॉट नं. 78 और 79, पॉकिट–1, सेक्टर इकोटेक–1 (एल.टी. पार्क), ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डॅवलपमेंट एरिया, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश। |
| 5. | मुख्य उत्पाद/सेवाओं की स्थापित क्षमता | एन.ए. |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | एन.ए. |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अनुसार, कोई कर्मचारी / कामगार नहीं है। |
| 8. | दो वर्ष के अन्तिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), क्रेडिटर्स की सूचियां समेत अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं : | कॉर्पोरेट कर्जदार अथवा किसी अतिरिक्त जानकारी के बारे में अधिक विवरण उपलब्ध करवाई गई ई–मेल ip.victorbuildwel@gmail.com के माध्यम से प्रस्ताव पेशेवर से प्राप्त की जा सकती है। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत प्रस्ताव आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है : | जानकारी ई–मेल ip.victorbuildwel@gmail.com के माध्यम से प्रस्ताव पेशेवर से प्राप्त की जा सकती है। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि | 17-07-2025 |
| 11. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अंतरिम सूची जारी होने की तिथि | 27-07-2025 |
| 12. | अंतरिम सूची के लिए आपत्तियां जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 01-08-2025 |
| 13. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अन्तिम सूची के जारी होने की तिथि | 11-08-2025 |
| 14. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजनाओं के लिए आग्रह और मैमोरेंडम, मूल्यांकन मैट्रिक्स जानकारी जारी होने की तिथि | 16-08-2025 (पात्र पीआरएज्स द्वारा गैर–घोषणा एग्रीमेंट की प्राप्ति के अधीन) |
| 15. | प्रस्ताव योजनाओं को जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 15-09-2025 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति जमा करवाने के लिए प्रक्रिया ई–मेल आईडी | ip.victorbuildwel@gmail.com |
| 17. | एमएसएमई के तौर पर कॉर्पोरेट कर्जदार के पंजीकरण स्तर क विवरण | कार्पोरेट कर्जदार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम मंत्रालय के पास पंजीकृत है (उद्यम पंजीकरण संख्या – UDYAM-DL-10-0067128) |

इसके अतिरिक्त, कार्पोरेट कर्जदार की वेबसाइट पर https://ipvictorbuildwel.com/ पर उपलब्ध रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रक्रिया दस्तावेज देखें अथवा सम्बद्ध तिथियों और विस्तृत रूचि की अभिव्यक्ति के लिए ip.victorbuildwel@gmail.com को एक ई–मेल भेजें।

हस्ता/–
कृते विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड
बिजय मुरमुरिया, प्राधिकृत दिवालियापन पेशेवर
सुमेधा मैनेजमेंट सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड
विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड का प्रस्ताव पेशेवर
IBBI Regn. No.: IBBI/IPE-0020/IPA-1/2022-23/50023
AFA: AA1/50023/02/311225/20042 (Valid upto 31-12-2025)
पत्राचार पता और आईबीबीआई के पास पंजीकृत पता :
2बी, गीतांजलि अपार्टमेंट, 8बी मिडलटन स्ट्रीट
कोलकाता–700071, पश्चिम बंगाल
आईबीबीआई के पास पंजीकृत ई–मेल आईडी :info@sumedhamangement.com
प्रक्रिया विनिर्दिष्ट ई–मेल पता : ip.victorbuildwel@gmail.com

दिनांक : 02 जुलाई 2025 स्थान : कोलकाता

# दिल्ली पुलिस ने लापता 168 लोगों को ढूंढकर उनके परिवारों से मिलाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने अपने ऑपरेशन मिलाप के तहत 53 बच्चों और 115 वयस्कों सहित 168 लापता लोगों का पता लगाकर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने समन्वित अभियान चलाया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक जून से 30 जून तक ऐसे 13 अभियान चलाए गए। इस अभियान में कापसहेड़ा, सागरपुर, पालम गांव, वसंत कुंज दक्षिण, किशनगढ़ और अन्य थानों की टीम शामिल थीं। पुलिस की कई टीम ने इस ऑपरेशन के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, स्थानीय लोगों से पूछताछ की, परिवहन केंद्रों पर बस चालकों, परिचालकों, विक्रेताओं और स्थानीय मुखबिरों से जानकारी ली। अधिकारी ने बताया कि कापसहेड़ा पुलिस ने लापता हुए पांच बच्चों और 28 वयस्कों को ढूंढ लिया जबकि, सागरपुर पुलिस ने 10 बच्चे और 20 वयस्क तथा पालम गांव पुलिस ने चार बच्चे और 20 वयस्कों को ढूंढ लिया। अधिकारी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार वसंत कुंज दक्षिण ने तीन लड़कियां और 10 वयस्क, किशनगढ़ पुलिस ने आठ बच्चे और तीन वयस्क तथा सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस ने एक लड़के और 10 वयस्कों को ढूंढ लिया। दिल्ली पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) ने लापता हुए 11 बच्चों का पता लगाया, वसंत विहार पुलिस ने छह नाबालिग लड़कियों और तीन महिलाओं का पता लगाया तथा आरके पुरम पुलिस ने लापता नौ लोगों का पता लगाया। दिल्ली कैंट पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों और चार वयस्कों को, वसंत कुंज उत्तर पुलिस ने एक लड़की और चार अन्य को, सरोजिनी नगर पुलिस ने एक लड़की और तीन वयस्कों को तथा साउथ कैंपस पुलिस ने एक महिला का पता लगाया। अधिकारी ने बताया कि इस साल एक जनवरी से अब तक दक्षिण-पश्चिम जिले में लापता कुल 521 लोगों (149 बच्चों और 372 वयस्क) का पता लगाया गया है।

# बुरारी मौतें: सात साल बाद चूंडावत परिवार के बारे में अब भी लोगों में है जिज्ञासा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में सात साल पहले एक जुलाई, 2018 को जिस घर में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की रहस्यमय मौत हो गयी थी, उसके आस-पड़ोस में लगता है कि जनजीवन सामान्य हो चला है, कोचिंग सेंटर और दुकानें सामान्य रूप से चल रही हैं। लेकिन कभी सुर्खियों में रहे इस मकान में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है और वहां से गुजरने वाले लोग उसके बारे में जिज्ञासा प्रकट करते हैं। लगभग दो दशकों से इस क्षेत्र में रह रहे इस्त्री दुकान के कर्मचारी मदन ने कहा कि कभी-कभी विद्यार्थी, विशेषकर पास के शिक्षण संस्थानों की लड़कियां, इमारत की ओर इशारा करती हैं, एक पल के लिए रुकती हैं, आपस में फुसफुसाकर बातें करती हैं, डर जाती हैं और फिर चली जाती हैं। चूंडावत परिवार के 11 सदस्यों में से 10 छत में लगे लोहे के जाल से फांसी पर लटके मिले थे, जबकि परिवार की मुखिया 77 वर्षीय नारायण देवी का शव घर के दूसरे कमरे में फर्श पर पड़ा था। देवी की बेटी प्रतिभा (57) और दो बेटे भवनेश (50) और ललित (45) मृतकों में शामिल थे। भवनेश की पत्नी सविता (48) और उनके तीन बच्चे मेनका (23), नीतू (25) और धीरेंद्र (15) भी मृत पाए गए। ललित की पत्नी टीना (42) और उनका 15 वर्षीय बेटा दुष्यंत भी जान गंवाने वालों में शामिल हैं। प्रतिभा की बेटी प्रियंका भी फांसी पर लटकी पाई गई। उसकी जून 2018 में सगाई हुई थी। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के सबसे सनसनीखेज मामलों में से एक इस मामले को सुलझाने के लिए तंत्र-मंत्र, मनोविज्ञान, अंधविश्वास समेत हर पहलू पर हाथ आजमाया और नवीनतम जांच तकनीकों का इस्तेमाल किया। मामले की जांच से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब शव मिले तो जिला पुलिस ने शुरू में हत्या का मामला दर्ज किया। हालांकि, जब परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई तो कोई मकसद सामने नहीं आया। फिर रजिस्टर खोले गए और धीरे-धीरे रहस्य से पर्दा उठने लगा। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण मामला था, क्योंकि अधिकारियों को आठ रजिस्टरों को देखना पड़ा, जिनमें 11 वर्षों की अवधि में की गई विस्तृत प्रविष्टियां शामिल थीं।

## ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित छात्रों के लिए डीयू आयोजित करेगा विशेष परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने उन छात्रों के लिए एक विशेष अवसर की घोषणा की है, जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्पन्न स्थिति के कारण मई में अपनी सेमेस्टर परीक्षाएं देने से चूक गए थे। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर गुरप्रीत सिंह टूटेजा ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 में स्नातक और स्नातकोत्तर के प्रभावित छात्रों के लिए विशेष प्रावधान किए हैं, जो 13, 14 और 15 मई को अपनी परीक्षाएं देने से चूक गए थे। विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना में कहा कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर के सभी संबंधित छात्रों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा के लिए लिंक पर गूगल फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बृहस्पतिवार 10 जुलाई को रात 11.59 बजे तक है। विश्वविद्यालय ने इस आवेदन के लिए पात्रता के संबंध में स्पष्ट करते हुए बताया कि यह फॉर्म केवल उन छात्रों के लिए है जो परीक्षा तिथियों पर उपस्थित नहीं हो सके। इसने कहा कि फॉर्म भरने वाले छात्रों के लिए ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिससे पता चले कि वे दिल्ली नहीं पहुंच सके थे। परीक्षा नियंत्रक ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि छात्रों को ऐसी परिस्थितियों के लिए अकादमिक रूप से दंडित न किया जाए, जो उनके नियंत्रण से बाहर थीं। साथ ही, प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वैध दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय के इस फैसले से उन सभी छात्रों को लाभ मिल सकता है, जिनकी शैक्षणिक प्रगति ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्पन्न स्थिति के कारण बाधित हुई थी।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने नाबालिग से बलात्कार के दोषी की सजा बरकरार रखी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में अपराध की गंभीरता को रेखांकित करते हुए एक व्यक्ति को दी गयी 10 साल की सजा को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने निचली अदालत के फैसले से सहमति जताई कि 20 वर्षीय युवक और 15 वर्षीय पीड़िता के बीच यौन संबंध सहमति से बने प्रतीत होते हैं, लेकिन मामला बलात्कार की श्रेणी में आएगा, क्योंकि घटना के समय वह (पीड़िता) नाबालिग थी। निचली अदालत के 2023 के फैसले को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति महाजन ने व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी दोषसिद्धि और 10 साल की जेल की सजा को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने 25 जून के फैसले में कहा कि व्यक्ति ने पीड़िता की उम्र पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

सजा के बिंदु पर उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने अपीलकर्ता के पक्ष में कमजोर करने वाली परिस्थितियों- कम उम्र और पहली बार अपराध करने- पर पहले ही विचार कर लिया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अपराध की गंभीरता₹ को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि 10 वर्ष की जेल की अवधि कानून में अपराध के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि है, तथा सुनाई गयी सजा इस घृणित अपराध के अनुरूप है। प्रारंभ में लड़की के पिता की शिकायत पर 2017 में समयपुर बादली पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें कहा गया था कि वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी और तब से लापता है। करीब एक महीने बाद उसे हरियाणा के बल्लभगढ़ से आरोपियों के पास से बरामद किया गया। उसने आरोप लगाया कि वह स्कूल गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी व्यक्ति से हुई, जो उसका रिश्तेदार था, और वह उसे कालकाजी मंदिर ले गया तथा आश्वासन दिया कि वे दोपहर तक वापस आ जाएंगे। हालांकि, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वह घर लौटने में देरी करता रहा और फिर उसे अपने घर ले गया, जहां उसने उसे नशीली दवा मिली कोल्ड ड्रिंक दी, जिससे वह बेहोश हो गई तथा जगने पर खुद को निर्वस्त्र पाया। व्यक्ति ने आरोपों से इनकार करते हुए मामले में अपनी बेगुनाही का दावा किया।

## दिल्ली दंगे: शरजील इमाम की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय फरवरी 2020 में हुए दंगों से संबंधित मामले में कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर को मंगलवार को सुनवाई करनी थी, लेकिन अभियोजन के समय मांगने पर सुनवाई स्थगित कर दी गई। आरोपी के वकील ने पहले अदालत को बताया था कि इमाम के भाषणों और व्हाट्सएप चैट में कभी भी अशांति फैलाने का आह्वान नहीं किया गया। जमानत याचिका में दावा किया गया है कि आरोपी 15 जनवरी, 2020 के बाद से राजधानी में भी नहीं था और उसे पुलिस ने 28 जनवरी, 2020 को एक अलग मामले में बिहार में उसके गृहनगर से गिरफ्तार किया था। याचिका में दावा किया गया है कि इमाम ने अन्य लोगों के साथ षड्यंत्र रचने के लिये हुई किसी भी बैठक में भाग नहीं लिया। खालिद, इमाम और कई अन्य लोगों के खिलाफ फरवरी 2020 के दंगों के कथित तौर पर ₹मास्टरमाइंड₹ होने के लिए कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) और आईपीसी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हो गए थे। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इमाम को इस मामले में 25 अगस्त, 2020 को गिरफ्तार किया गया था।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**अभियोग संख्या 220 दिनांक 19.06.25 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम अनील पुत्र महेश निवासी अलावलपुर थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा
उम्र -30
कद - 5 फुट 8 इंच
हुलिया- रंग सावला, लम्बूतरा चेहरा, हस्ट पुस्ट कद 5.8 इंच दिनांक 04.06.2025 को अपने साथी सोनू उर्फ ओमप्रकास निवासी अलावलपुर के साथ धनबाद झारखण्ड चला गया था अनील पुत्र महेश निवासी अलावलपुर थाना धारूहेड़ा जिला रेवाडी हरियाणा पता न लगने बारे मे अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है, यदि किसी थाना में किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना धारूहेड़ा रेवाड़ी 7056666125
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी 01274-242328, 9306952004
3. अनुसेधानकर्ता थाना धारूहेड़ा 9416578198

नए कानूनों से 'एफआईआर करेंगे तो क्या होगा' की जगह 'एफआईआर से तुरंत न्याय मिलेगा' का विश्वास बढ़ेगा

# तीनों नए आपराधिक कानून न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुसंगत और पारदर्शी भी बनाएंगे : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए आपराधिक कानून सस्ती, सुलभ और पहुंच योग्य होने के साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुसंगत और पारदर्शी बनाएंगे। यह बातें मंगलवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के भारत मंडपम में अआयोजित 'न्याय प्रणाली में विश्वास का स्वर्णिम वर्ष' कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले दिनों में हमारा क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम एक नए युग में प्रवेश करेगा और इससे से लोगों के मन में निश्चित रूप तुरंत न्याय मिलने का विश्वास पैदा होगा। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से 'एफआईआर करेंगे तो क्या होगा' की जगह 'एफआईआर से तुरंत न्याय मिलेगा' का विश्वास बढ़ेगा। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।



इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव और निदेशक, आसूचना ब्यूरो सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानून आने वाले दिनों में भारतीय क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आमूलचूल रूप से बदल देंगे। उन्होंने कहा कि पहले हमारी न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी समस्या यह थी कि किसी को नहीं पता था कि न्याय कब मिलेगा। गृह मंत्री ने कहा कि लगभग 3 साल में इन कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद देशभर में किसी भी एफआईआर में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में नागरिकों को न्याय दिलाने के तीनों महत्वपूर्ण अंगों, पुलिस, प्रॉसीक्यूशन और ज्यूडिशयरी को कई जगह पर समय सीमा से बांधा गया है। शाह ने कहा कि नए कानूनों में 90 दिनों में जांच पूरी करने, चार्जशीट दाखिल करने और चार्ज फ्रेम करने और जजमेंट देने का समय भी तय किया गया है।

## नए कानून स्वतंत्र भारत के न्यायिक इतिहास में एक क्रांतिकारी परिवर्तन : रेखा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को स्वतंत्र भारत के न्यायिक इतिहास में एक क्रांतिकारी परिवर्तन बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने कानून अंग्रेजों द्वारा बनाए गए थे, जिनका उद्देश्य जनता को दंडित करना था। लेकिन अब भारत के कानून भारतीयों के लिए, भारतीयों द्वारा और भारतीय दृष्टिकोण से बनाए गए हैं, जहां सजा नहीं बल्कि न्याय प्राथमिक उद्देश्य है। इन नए कानूनों ने आम नागरिक में यह विश्वास पैदा किया है कि न्याय अब तेज़, पारदर्शी और सुलभ होगा।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**अभियोग संख्या 115 दिनांक 19.03.25 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम नीतू पत्नी जयप्रकाश निवासी वार्ड न. 10 देवनगर धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा
उम्र 31
कद - 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग सावला कद 5.2 ईंच
पहनावा- महरूम सूट सलवार पहने हुए दिनांक 16.03.2025 को
नीतू पत्नी जयप्रकाश निवासी वार्ड न. 10 देवनगर धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा बिना किसी को बताये घर से चले जाने बारे अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है, यदि किसी थाना में किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा

1. प्रबन्धक थाना धारूहेड़ा रेवाड़ी 7056666125
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी 01274-242328, 9306952004
3. अनुसेधानकर्ता थाना धारूहेड़ा 9416578198

पीआरडीएच-1084/11/3577/2026/36109/88/7 दि. 01.07.2025

‘संत ईश्वर संवाद’ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शामिल हुई सीएम ने डॉक्टरों को बताया ‘ईश्वर का दूत’

# बंद पड़े अस्पताल परिसरों को जल्द शुरू करने की प्रक्रिया जारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सिस्टम को सुधारने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। इसके लिए बंद पड़े अस्पताल परिसरों को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है, मेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है, साथ ही प्रत्येक अस्पताल को एक अलग सुपरिटेंडेंट नियुक्त किया जा रहा है ताकि वहां निगरानी व जवाबदेही को बेहतर बनाया जा सके। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉक्टर्स डे के अवसर लोक नायक (एलएनजेपी) अस्पताल में ‘संत ईश्वर संवाद’ कार्यक्रम में दी। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली सरकार 24 घंटे कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि ईश्वर का प्रतिरूप हैं। जब जीवन की डोर कमजोर होती है, तब डॉक्टर ही वो हाथ होते हैं जो उसे थामे रखते हैं। इस देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हमारे डॉक्टर हैं। उन्होंने डॉक्टरों को ‘ईश्वर का दूत’ बताते हुए कहा कि कोविड जैसी आपात स्थितियों में डॉक्टरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवाएं दीं और बिना रुके, बिना थके, अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। चाहे दिन हो या रात, या कोई भी इमरजेंसी हो, डॉक्टर्स अपने मरीज़ो की सेवा के लिए तत्पर रहते है। सीएम ने बताया कि पिछली सरकारों ने स्वास्थ्य मॉडल का खूब प्रचार किया, लेकिन धरातल पर सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के छात्रों से संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्र आज भी जर्जर हॉस्टलों में, सीमित संसाधनों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। सीएम ने स्वास्थ्य ढांचे की कमियों पर चिंता जताते हुए बताया कि दिल्ली में प्रति 1,000 नागरिकों पर सरकारी अस्पतालों में सिर्फ 0.42 बेड उपलब्ध हैं। लेकिन दिल्ली सरकार ने इसे अगले पांच वर्षों में प्रति 1,000 नागरिकों पर कम से कम 3 बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार अब ऐसा वातावरण तैयार कर रही है, जहां डॉक्टर बिना तनाव के, पूरी तन्मयता के साथ जनता की सेवा कर सकें।



### ‘पहली बार 1500 नर्सों को स्थायी रूप से नियुक्त किया गया’

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली का हेल्थ सिस्टम सुधारने के लिए लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसके लिए पहली बार 1500 नर्सों को स्थायी रूप से नियुक्ति की गई है। जो पिछले 15 वर्षों से लंबित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में सीटी स्कैन, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी प्रमुख चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, सभी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं, जिनमें से 17 पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए वेटिंग एरिया, पीने के पानी और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं में भी व्यापक सुधार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार स्वास्थ्य सेवा को लेकर गंभीर है और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, मेडिकल शिक्षा और डॉक्टरों की कार्य स्थिति में बदलाव के लिए 24 कार्यरत है।

### डॉक्टर्स-डे पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली के डॉक्टरों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चिकित्सा के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले




डॉक्टरों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों के योगदान को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया और दिल्ली को एक मेडिकल हब के रूप में विकसित करने की अपनी सरकार की इच्छा भी साझा की। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। इस आयोजन में दिल्ली के जाने-माने डॉक्टरों ने दिल्ली मेडिकल फोरम के बैनर तले मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इनमें डॉ. सर्वेश टंडन, डॉ. डीएस राणा, डॉ. हर्ष महाजन, डॉ. विनय अग्रवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. रुद्रप्रयाग आचार्य आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इन डॉक्टरों सहित अन्य डॉक्टरों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जीवन में सारी उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, तब लोगों की आखिरी उम्मीद भगवान और डॉक्टर होते हैं। इसी कारण डॉक्टरों को धरती पर ईश्वर का दूत माना जाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था वर्तमान में गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और इसका इलाज अब अनिवार्य हो चुका है। उन्होंने समाज के सभी डॉक्टरों से अपील की कि वे अपने सुझाव, मार्गदर्शन और सहयोग के साथ आगे आएं, ताकि दिल्ली को एक आधुनिक, सशक्त और जनहितकारी स्वास्थ्य मॉडल के रूप में पहचान दिलाई जा सके।

## नकली दवाएं ले रही है मरीजों की जान : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र व दिल्ली सरकार की अनदेखी क चलते देश की राजधानी में नकली दवाओं का बढ़ते कारोबार से मरीजों की जान जा रही है। यादव ने मांग की है कि केंद्र सरकार को चाहिए कि नकली दवा बनाने और बेचने वालों के खिलाफ संसद में सख्त कानून बनाया जाए ताकि नकली दवाईयों पर लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं को कारोबार करने वाले मौत को खेल खेलने वालों को मौत की सजा प्रावधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार की नाक के नीचे चल रहे मौत के सौदागरों को नकली दवाओं के कारोबार की सप्लाई का बड़े हिस्से की सरकारी अस्पतालों में खपत होना चिंताजनक है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और पंजीकृत दवाई की दुकानों तक नकली दवाईयों की पहुंच को दिल्ली की पिछली केजरीवाल और मौजूदा भाजपा सरकार रोकने में पूरी तरह नाकाम है।

भारी मुनाफा कमाने और भ्रष्टाचार के चलते अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही नकली दवाईयां बाजार सहित सरारी अस्पतालों में पहुंच कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। यादव ने कहा कि गत 3 वर्षों में 20 करोड़ से अधिक की नकली दवाईयों की खेप का पकड़ा जाना साबित करता है कि राजधानी में बहुत बड़े स्तर पर नकली दवाईयों का कारोबार फल फूल रहा है। असली दवाईयों के साथ नकली दवाईयों की खपत कमजोर निगरानी तंत्र, भ्रष्टाचार और सरकारी तंत्र की मिलीभगत के कारण दौड़ रहा है जिसको रोकने में दिल्ली की मुख्यमंत्री संवेदनशील नहीं है। यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा जेनेरिक दवा उत्पादक होने के कारण वैश्विक स्तर पर 50 प्रतिशत टीकों, अमेरिका में 40 प्रतिशत और यूके में 25 प्रतिशत दवाईयों की आपूर्ति करता है। दिल्ली में नकली दवा स्थानीय अवैध फेक्ट्रियों , आसपास के क्षेत्रों गाजियाबाद, आगरा, उत्तराखंड आदि से आती है। राजधानी में नकली दवाओं का करोबार संगठित उघोग बनकर सुनियोजित नेटवर्क और परिवहन के माध्यम से चल रहा है। इस कारोबार में बिना लाईसेंस की फेकिट्रयां भी शामिल है जिनमें हूबहू पैकिंग, बारकोड, होलोग्राम और क्यूआर कोड़ असली दवाओं जैसे बनाकर असली दवाईयों के साथ मिक्स करके सप्लाई की जा रही है। यादव ने कहा कि एक जानकारी के अनुसार दिल्ली के बड़े अस्पतालों में हृदय, कैंसर, हाइपरटेंशन, डायबिटिज, लिवर, किडनी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की दवाईयों की अधिक मांग होती है, जहां अधिकारियों की मिलीभगत से नकली दवाईयों की खपत असानी हो रही है।

## पार्षद सुमन टिंकू राजोरा बीजेपी को छोड़ फिर ‘आप’ में शामिल

**नई दिल्ली।** वार्ड नंबर 50 (मंगोलपुरी बी) से पार्षद सुमन टिंकू राजौरा मंगलवार को भाजपा को छोड़कर वापस आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। ‘आप’ मुख्यालय पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पटका पहनाकर उन्हें और उनके पति टिंकू राजौरा को पार्टी में शामिल किया और ‘आप’ परिवार में शामिल होने पर बधाई दी। इस दौरान एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि विपक्ष में रहकर भी आम आदमी पार्टी दिल्ली की गरीब जनता की मजबूत आवाज बनकर खड़ी है। हम भाजपा सरकार पर नजर रखे हुए हैं ताकि वह जनहित के काम करे। अंकुश नारंग ने प्रैसवार्ता में कहा कि आज बहुत हर्ष की बात है कि वार्ड नंबर 50 से निगम पार्षद सुमन टिंकू राजौरा और उनके पति टिंकू राजौरा भाजपा को छोड़कर दोबारा आम आदमी पार्टी के परिवार में शामिल हो गए हैं।



## एलजी ने महिलाओं के रात्रि में कार्य करने के नियमों में बदलाव का दिया निर्देश

### ‘पिछले 11 वर्षों के दौरान प्रगति संतोषजनक स्थिति से कोसों दूर थी, जिसे सुधारा जा रहा है अब’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को सीएम रेखा गुप्ता सहित अन्य के साथ अहम बैठक बुलाई। बैठक में एलजी सक्सेना ने दिल्ली सरकार के श्रम विभाग को महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देने के लिए नियम में आवश्यक बदलाव करने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के बैठक में एलजी सक्सेना ने कहा कि प्रतिबंधात्मक और पुराने कानून, प्रक्रियाएं और विनियामक व्यवस्थाओं ने व्यवसायों और आर्थिक गतिविधियों को बाधित और हतोत्साहित किया है। पिछले 11 वर्षों के दौरान प्रगति संतोषजनक स्थिति से कोसों दूर थी, जिसे अब सुधारा जा रहा है। वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कारोबार करने में कठिनाई के कारण ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि उद्योग और कारोबार अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गए हैं। सरकारी प्रक्रियाओं को पुनः व्यवस्थित करने के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं श्रम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि को



महिला कर्मचारियों की सहमति लेकर उन्हें रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देने के लिए तत्काल कदम उठाने तथा दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम में संशोधन, कारखाना अधिनियम के तहत उपयुक्त अधिसूचना जारी कर सभी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग को दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम में संशोधन करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि अधिनियम के लागू होने के लिए कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या एक से बढ़ाकर 10 की जा सके तथा दुकानों, प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालित होने की अनुमति दी जा सके। उन्होंने बताया कि दिल्ली अग्निशमन विभाग को तीसरे पक्ष से ऑडिट के लिए एजेंसियों को पैनल में शामिल करने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि बड़े वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को पैनल में शामिल एजेंसियों के ऑडिट प्रमाणपत्र पर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लेने की अनुमति दी जा सकती है। छोटे प्रतिष्ठानों को तीसरे पक्ष से ऑडिट का विकल्प दिया जा सकता है। इसके लिए तुरंत रुचि पत्र जारी किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम की धारा 81 और 33 सहित कई धाराएं और प्रावधान शहर के किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे हैं।

### व्यापारियों को गोदामों की जरूरत पूरी करने के लिए हम कटिबद्ध : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के व्यापारियों को गोदामों की जरूरत को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। यह बात दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को व्यापारिक संगठन कैट के समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने व्यापारिक कल्याण बोर्ड बनाने के लिए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को बधाई दी और कहा कि यह व्यापारियों के प्रति भाजपा के संकल्प पत्र पूर्ति की ओर बड़ा कदम है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली एक व्यापार डिस्ट्रीब्यूशन केन्द्र है और व्यापार हमारे राजस्व का सबसे बड़ा स्त्रोत है और हमे इनको अधिक प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में कैट महासचिव और सांसद प्रवीन खंडेलवाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली के मंत्रियों एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का अभिनंदन किया। मंच पर सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं आशीष सूद, आदि सहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## आप के प्रदर्शन के बाद झुग्गियों में घूमने लगे भाजपा विधायक : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए ‘घर-रोजगार बचाओ’ आंदोलन के बाद भाजपा सरकार झुग्गियों को लेकर न सिर्फ चर्चा करने लगी है, बल्कि उसके विधायक झुग्गियों में घूमने लगे हैं। इसको लेकर ‘आप’ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 29 जून को गरीबों ने अपनी ताकत का छोटा सा ट्रेलर क्या दिया,भाजपा ने पैनिक बटन दबा दिया। भाजपा के जो विधायक बेघर हुए गरीबों के आंसू



पोंछने नहीं आए, सोमवार को वही झुग्गियों में हाथ जोड़े घूम रहे थे। उन्होंने झुग्गीवाले से कहा कि भाजपा पर भरोसा न करें। ये भरोसे के लायक नहीं हैं। जब ये आएं तो इनसे कहें कि अपनी केंद्र सरकार से पहले झुग्गियों के सारे मुकदमें वापस कराओ, फिर भरोसा करेंगे। अब भाजपा बेवकूफ नहीं बना सकती। अगर मुकदमें वापस नहीं होते हैं तो गरीब लोग इकट्ठे होकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

प्रैसवार्ता में सौरभ ने कहा कि आज दिल्ली के गरीबों के लिए बहुत बड़ा दिन है। जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से इन लोगों को इतना घमंड हो गया था कि ये लोग आदमी को आदमी समझना बंद कर दिए थे।

### एक दशक बाद शुरू हुई रजोकरी क्षेत्र में डीटीसी बस सेवा, लोगों में खुशी की लहर

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के रजोकरी क्षेत्र में करीब एक दशक से अधिक समय बाद दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस पहुंचने से हजारों लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने दिल्ली की नई भाजपा सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारी एक बड़ी परेशानी का हल हुआ है। हाल ही में दिल्ली सरकार ने रजोकरी क्षेत्र से डीटीसी की छोटी देवी बस का संचालन शुरू किया है। यहां रजोकरी से द्वारका और महरौली तक देवी बस सेवा का परिचालन शुरू हुआ है। फिलहाल रजोकरी से द्वारका सेक्टर 28 और रजोकरी से महरौली मार्ग पर तीन-तीन देवी बस सेवा शुरू की गई हैं। वहीं आने वाले समय में रजोकरी से धौला कुआं तक भी बस सेवा शुरू किया जाना शामिल है। करीब 10 साल पहले केजरीवाल सरकार के दौरान डीटीसी बसों का परिचालन बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से यहां की करीब 40 हजार की आबादी के सामने बसों की भारी किल्लत थी, लोग बहुत परेशान थे। इस बारे में स्थानीय विधायक गजेंद्र सिंह यादव का कहना है कि स्थानीय लोग लगातार इस समस्या से परेशान थे और अपील कर रहे थे कि यहां से डीटीसी बस सेवा शुरू की जाए। जिसके बाद इस मुद्दे पर सीएम रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री कपिल मिश्रा के समक्ष परेशानी का रखा और अब यहां से बस सेवा शुरू कर दी गई है।

## डीजीसीए की मंजूरी से दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने का रास्ता साफ : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 30 अगस्त से 10 सितम्बर के बीच होंगे ट्रायल्स

दिल्ली को प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए कृत्रिम बारिश कराने के प्रोजेक्ट को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मंजूरी मिल गई है, इस मंजूरी के बाद दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने का रास्ता साफ हो गया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली में 30 अगस्त से 10 सितम्बर के बीच कृत्रिम बारिश के परीक्षण किए जाएंगे। जो कि एक ऐतिहासिक कदम




होगा। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने बताया कि कृत्रिम बारिश पर पर सालों से चर्चा तो हुई, लेकिन कभी जमीन पर इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। दस साल तक ये योजना सिर्फ फाइलों और चिट्ठियों में रही। हमने 13 से अधिक विभागों से तालमेल कर सभी जगहों से मंजूरी ली और अंतिम में डीजीसीए से अनुमति भी मिल गई। अब दिल्ली में 30 अगस्त से 10 सितम्बर के बीच कृत्रिम बारिश के परीक्षण किए जाएंगे। मंत्री सिरसा ने बताया कि पहले परीक्षण के लिए 4 से 11 जुलाई की तारीख तय थी, लेकिन आईएमडी और आईआईटीएम पुणे के विशेषज्ञों की सलाह पर और मॉनसून को देखते हुए इसे आगे बढ़ा दिया गया।

लोगों में दिखा रोष, कई जगह नोक-झोंक

# पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल पंपों से नहीं मिला इंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रदूषण से निपटने के लिए सख्त कदम उठा रही दिल्ली की भाजपा सरकार के फैसले के बाद लागू हुए नए नियम के पहले दिन मंगलवार को पुराने प्रतिबंधित श्रेणी के वाहनों को पेट्रोप पंपों से ईंधन नहीं मिला। इससे लोगों में रोष भी देखने को मिल रहा है, जबकि कई पेट्रोल पंपों पर पुरी तैयारियां न होने से कई दिक्कतों को सामना करना पड़ा। परिवहन विभाग ने अपनी अधिकांश टीमों को सड़क व पेट्रोल पंपों पर तैनात किया जो सख्त निगरानी करते हुए प्रतिबंधित वाहनों को मौके पर पकड़कर सीज करने का कार्य करती रही। कई जगह वाहन चालकों और परिवहन विभाग की टीमों के बीच कहा सुनी होती देखी गई, जबकि कई जगह लोग टीम से मान मनुहार करते हुए नए नियम की जानकारी न होने की दुहाई देते हुए दिखाई दिए। एएनपीआर कैमरा लगाए है, पार्लियामेंट क्षेत्र में चार पेट्रोल पंपों पर यह व्यवस्था की गई है, जहां पुलिस तैनात है। इस बारे में परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने राजधानी के करीब 350 पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर (एएनपीआर) कैमरे लगाए हैं, ताकि



पुराने वाहनों की पहचान आसानी से हो सके। परिवहन विभाग ने दिल्ली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के सहयोग से एक योजना तैयार की है। इसके तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में कई टीमें तैनात की गई हैं। साउथ दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों पर परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें निगरानी के लिए मौजूद रहीं। खबर लिखे जाने तक आज सीज किए वाहनों की संख्या का पता नही चल सका लेकिन अनौपचारिक रूप से बताया गया कि करीब दो सौ से अधिक वाहनों पर कार्रवाई हुई है। बता दें कि दिल्ली में आज एक जुलाई 2025 से पेट्रोल के 15 साल और डीजल के 10 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल पंप पर तेल मिलना बंद हो गया है। पकड़े जाने पर ऐसे प्रतिबंधित वाहनों को जब्त किया जा रहा है। कार्रवाई कर रहे परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक तैनाती योजना तैयार की है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, पकड़े गए वाहनों को सरकार द्वारा पंजीकृत वाहन स्क्रैपर को सौंप देंगे। इसके बाद, वाहन के मालिक को नियमों के अनुसार स्क्रैप मूल्य दिया जाएगा। जानकारी अनुसार इस अभियान में दिल्ली पुलिस के जवान 1 से 100 नंबर वाले पेट्रोल पंपों पर तैनात रहे, जबकि परिवहन विभाग 101 से 159 नंबर वाले ईंधन स्टेशनों पर 59 विशेष टीमों के साथ तैनात रहे। सभी 350 चिन्हित पेट्रोल पंप पर एक यातायात पुलिस अधिकारी तैनात किया गया जिसने पुराने वाहनों पर निगरानी रखी। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर दो अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए।

## दिल्ली सरकार का गाड़ियों को जब्त करने का तरीका गलत : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार द्वारा पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर जब्त करने और बारिश के मौसम में कृत्रिम बारिश कराने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी को सरकार चलानी नहीं आती है। ये लोग सरकार नहीं, फुलेरा की पंचायत चला रहे हैं। पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर जब्त करने से कर्मचारियों और वाहन मालिकों के बीच लड़ाई-झगड़ा होगा। वहीं, बीजेपी सरकार ने सड़कों के गड्ढे भरने का सिर्फ दिखावा किया। छोटे गड्ढे तो भर दिए, लेकिन बड़े गड्ढों को छोड़ दिया। इनको काम नहीं, सिर्फ बहाने बनाने हैं। ये पांच साल सिर्फ बहाने बनाएंगे और केजरीवाल को गालियां देंगे। वहीं,अरविंद केजरीवाल ने हमेशा जनादेश का सम्मान करते हुए काम किया, उन्होंने कभी शीला दीक्षित सरकार का बहाना नहीं बनाया। सौरभ ने 1 जुलाई से दिल्ली से पुरानी गाड़ियों को हटाए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि भाजपा दिल्ली में सरकार नहीं चला रही, बल्कि वह फुलेरा की पंचायत जैसा प्रशासन चला रही है। यदि पुराने वाहनों को सड़कों से हटाना है, तो क्या इसके लिए कोई और तरीका नहीं मिला? पेट्रोल पंपों पर लड़ाई-झगड़ा और हंगामा मचाओगे? क्या सरकार इस तरह से काम करती है? पेट्रोल पंपों पर कर्मचारी और ग्राहक के बीच लड़ाई-झगड़ा होगा।

**खबर संक्षेप**

## जीयू को शीर्ष विवि की सूची में शामिल का लक्ष्य



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. संजय कौशिक ने रोजगारपरक पाठयक्रमों को शुरू करने एवं सौ फीसदी प्लेसमेंट को लेकर विवि के अधिष्ठाताओं एवं विभागाध्यक्षों की बैठक ली। कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम को गति देना और प्लेसमेंट उनका लक्ष्य होगा। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं प्लेसमेंट ड्राइव, बड़े अंतराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ एमओयू, स्टार्टअप को प्राथमिकता देते हुए विकास की रणनीति तैयार करने का आह्वान किया।

## कुलदीप बिश्नाई आजाद भड़ाना के निवास पर पहुंचे

**फरीदाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने अपने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों के



चरण में फरीदाबाद एनआईटी, होडल एवं पृथला विधानसभा में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। फरीदाबाद के गांव पाली में उनके संघर्ष के पुराने साथी आजाद भडाना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसी तरह होडल एवं पृथला में उनके एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम हुए, जिनमें पुराने साथियों ने कुलदीप बिश्नोई का ढोल नगाड़ों, पगड़ियों, फूल मालाओं से स्वागत किया।

## सरिया भेजने के नाम पर 92 हजार रुपए हड़पे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम जालसाजों ने सरिया भेजने के नाम पर एक व्यक्ति को 92,500 रुपए की चपत




लगा दी। पीड़ित ने गूगल पर सीमेंट स्टोर का नंबर सर्च करके सरिया का ऑर्डर दिया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पेंमेंट के 6 दिन बाद सरिया नहीं पहुंचने पर सन्नी मिस्त्री के साथ अमित गोयल सीमेंट स्टोर गए। जब ऑर्डर के बारे में पता किया तो बताया गया कि उनके यहां पर इस नाम का कोई कर्मचारी नहीं है।

## सड़क हादसे में मौत पत्नी व बेटी गंभीर

**गुरुग्राम।** केएमपी एक्सप्रेसवे पर परिवार सहित वृंदावन जा रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि पत्नी व बेटी गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और केस दर्ज कर लिया। मृतक के पिता धर्मवीर ने कहा कि बेटा रविंद्र सैनी अपनी पत्नी नीलम व बच्चों के साथ कार से वृंदावन जा रहे थे।

- जन्म से लेकर मृत्यु तक हर अनुष्ठान में काम आता है पौधा
- अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाना आवश्यक

# त्रिवेणी लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत, प्रयास संस्था ने लगाए 250 पौधे

‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान को सफल बनाने के लिए बल्लभगढ़ में भी पौधा रोपण कर इस अभियान को आगे बढ़ाया गया है। बल्लभगढ़ से विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-64 में पौधा रोपण किया और इस मौके पर संदेश दिया कि एक पेड़ मां के नाम लगाना आवश्यक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए बल्लभगढ़ में भी पौधा रोपण कर इस अभियान को आगे बढ़ाया गया है। बल्लभगढ़ से विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सेक्टर-64 में पौधा रोपण किया और इस मौके पर संदेश दिया कि एक पेड़ मां के नाम लगाना बेहद जरूरी है उन्होंने कहा हर रोज पर्यावरण में टेंपरेचर बढ़ रहा है और उसको कंट्रोल करना और पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाने बहुत ही जरूरी है। पौधारोपण की शुरुआत प्रयास वेलफेयर सोसाइटी बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से की गई। इस अवसर पर पहुंचे विधायक मूलचंद शर्मा का संस्था के प्रधान विनोद अग्रवाल और अध्यक्ष एमएल गुप्ता सहित समस्त संस्था के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। त्रिवेणी लगाकर के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया।





## उद्योगपति बजाज ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर ‘एक पेड़ मां के नाम’ समर्पित किया

उद्योगपति व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े अरुण बजाज ने अपने जन्मदिन पर सेक्टर-24 स्थित प्लॉट नंबर-170 में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान आगे बढ़ाते हुए अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके बड़े भाई उद्योगपति राजकुमार बजाज, उनके बेटे सौरभ बजाज, नरेश बजाज और मयंक बजाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिवार के सभी सदस्यों ने आवला और आड़ू का पेड़ लगाया। अरुण बजाज ने पौधरोपण करने के बाद कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपनी मां के प्रति सम्मान स्वरूप एक पौधा लगाने की मार्मिक अपील की थी।

### केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक

# 59 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर की गहन समीक्षा

## बड़खल झील के जीर्णोद्धार का कार्य जारी, सितंबर में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

मानसून को देखते हुए जलभराव से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडइयर जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव और सीवर की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एफएमडीए को जिम्मेदारी सौंपी गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन लघु सचिवालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुल 59 एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें योजनाओं के बजट व्यय, लाभार्थियों तक पहुंच, जमीनी प्रभाव और पारदर्शिता को प्रमुखता से लिया गया।

### जलभराव से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान




मानसून को देखते हुए जलभराव से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडइयर जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव और सीवर की समस्या के स्थायी समाधान हेतु एफएमडीए को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रमुख ड्रेनेज पॉइंट्स, नालों की समयबद्ध सफाई, पंपिंग व्यवस्था और जल निकासी तंत्र की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि हाल ही में बनी सड़कों की गुणवत्ता की जांच हेतु वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और सैम्पलिंग करवाई जाए।

बैठक में विकास से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। मेवला महाराजपुर, नवादा और भांकरी जैसे गांवों का सौंदर्यकरण किया जाएगा, वहीं भांकरी सहित अन्य गांवों में निर्मित अमृत सरोवरों को संरक्षण और प्रबंधन हेतु पोंड अथॉरिटी को सौंपा जाएगा। एनआईटी क्षेत्र में आगामी जून 2026 तक पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बूस्टर स्टेशनों में वृद्धि की योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। तिगांव क्षेत्र में मंझावली पुल का कार्य हरियाणा की ओर से लगभग 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि उत्तर प्रदेश की ओर प्रक्रिया आरंभ हो गई है, जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है तथा उत्तर प्रदेश सराकर ने इस परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए आश्वासन दिया है। जिससे इस परियोजना के जल्द पूरे होने की संभावना है।

### पौधरोपण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जाएं तथा इनका वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, अमृत योजना, आयुष्मान भारत, मनरेगा, पीएम किसान निधि, उज्ज्वला योजना आदि की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में मानसून के दौरान जिले भर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाए जाने की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

**प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी की स्थापना करने का निर्णय लिया गया**

*बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बड़खल झील का जीर्णोद्धार कार्य जारी है जो कि सितंबर माह तक पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके पश्चात इसे आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी ठोस पहल की गई है, जिसके तहत जिले की 100 ग्राम पंचायतों में प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी की स्थापना की जाएगी। ग्रेटर फरीदाबाद में टाउन पार्क, केन्द्रीय विद्यालय और ऑल वेदर स्विमिंग पूल जैसी प्रस्तावित अधोसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई।*

### प्रशासन ने गांव फतेहपुर बिलोच में किया ग्रामीणों से संवाद

# डीसी एवं पुलिस आयुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने गांव फतेहपुर बिलोच में रात्रि ठहराव कार्यक्रम किया। डीसी विक्रम सिंह व पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। इस दौरान गांव की सरपंच सरोज सैनी मौजूद रहीं।

विक्रम सिंह ने कहा कि आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत पूरा प्रशासन स्वयं आपके द्वार आपकी समस्याएं सुनकर उनका निपटान करने के लिए यहां मौजूद है।

डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित है। हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा। प्रशासन के समक्ष रखी गई आधार, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी में सुधार से संबंधी शिकायतों का गांवों में विशेष कैंप लगाकर समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा गया।

### जिले को नशा मुक्त बनाने पर दिया जोर

पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने नशा मुक्त फरीदाबाद बनाने पर जोर देते हुए अभिभावकों से कहा कि वह भी स्वयं अपने बच्चों की निगरानी जरूर रखें, बच्चों को समझाएं कि नशा न केवल शरीर का नाश करता है बल्कि जीवन को तबाह कर देता है। नशा समाज और देश के लिए घातक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ खेल की गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें।

### संचालित व प्रस्तावित कार्यों से भी कराया अवगत

## ‘अंकुश समिति’ के सामने प्राधिकरण से जुड़े प्रश्नों का जीडीए उपाध्यक्ष वत्स ने दिए जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद समिति के समक्ष जीडीए के सम्बंधित शिकायतों का जवाब दिए। मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राधिकरणों,आवास विकास परिषद ,जिला पंचायत,नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने और जांच किए जाने के लिए शासन की समिति के पदाधिकारियों के द्वारा गौतमबुद नगर और गाजियाबाद जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ गौतमबुद्धनगर स्थित विश्वविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में बैठक की गई।



### रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई

समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह 'प्रिन्सू' और समिति के दूसरे सदस्यों के समक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा प्राधिकरण से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण से जुड़े तमाम प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है व उसकी रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। प्राधिकरण के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार पूर्वक समिति पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

## देशव्यापी हड़ताल में शामिल होकर समर्थन का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद की मीटिंग नगर निगम यूनियन के दफ्तर में वरिष्ठ उप प्रधान अमर सिंह बैंसला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में फैसला लिया कि 9 जुलाई को विभिन्न कर्मचारी संगठनों, मजदूर संगठनों, किसान संगठनों द्वारा विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर की जाने वाली देशव्यापी हड़ताल में शामिल होकर समर्थन करेंगे और हड़ताल को कामयाब करने का काम करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी बीके चौक पर नगर निगम यूनियन के कार्यालय पर जुलूस बनाकर जाएंगे तथा 15 जुलाई को रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन उपायुक्त को देंगे। राज्य के उप प्रधान यूएम खान व आशा शर्मा एवं जिले के प्रवक्ता सत्यपाल नरवत ने बताया कि हड़ताल में मुख्य मांगे मजदूर विरोधी लेबर कोड्स रद्द करना, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू करना, निजीकरण, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, स्थाई भर्ती द्वारा रिक्त पदों को भरना, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करना, रिटायर्ड कर्मचारियों की कोम्यूट की गई पेंशन को 15 साल की बजाय 10 साल में काटना आदि शामिल है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड को चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | वनस्पति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 42/2024 | 06.07.2025 पूर्वा. 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 2. | प्राणी विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 67/2024 | 06.07.2025 अप. 2:00 बजे से अप. 5:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.07.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड को चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.06.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/333/2026/36124/88/7 दि. 01.07.25


### अब कॉरिडोर के तीन स्टेशनों पर ई-वाहन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध

# गुलधर और दुहाई नमो भारत स्टेशनों पर स्थापित किए अत्याधुनिक फास्ट ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने ईको फ्रेंडली परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के गुलधर व दुहाई स्टेशनों पर फास्ट इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। ये नव-स्थापित ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन अत्याधुनिक फास्ट चार्जिंग सुविधा प्रदान करेंगे। यह प्रयास एनसीआरटीसी की स्वच्छ ऊर्जा पहलों को अपनाने व लास्ट माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि प्रत्येक नए फास्ट चार्जिंग स्टेशन पर 50 किलोवाट की क्षमता वाली हाई-वोल्टेज चार्जिंग यूनिट लगाई गई हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक तेज़ी से चार्ज करने की सुविधा प्रदान करेंगी। ये चार्जिंग यूनिट चौपहिया वाहनों को मात्र 30 मिनट में लगभग 80% तक चार्ज करने की क्षमता रखते हैं। इन स्टेशनों पर विभिन्न प्रकार के ई-वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट्स भी उपलब्ध कराए गए हैं। गुलधर स्टेशन पर स्थित फास्ट इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पर एक बार में एक वाहन और दुहाई स्टेशन पर स्थित फास्ट इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पर एक साथ 2 वाहनों के चार्ज करने की सुविधा है।

### ईवी चार्जिंग की ऐप के जरिए ही कार्य करती है ईवी चार्जिंग

इस सुविधा का लाभ इलेक्ट्रिक वाहन धारक



'इलेक्ट्रीफाई' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से उठा सकते हैं। इस ऐप को गूगल प्ले ऐप स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ईवी चार्जिंग की पूरी प्रक्रिया ऐप के जरिए ही कार्य करती है। इसका लाभ उठाने के लिए यूज़र को ऐप में रजिस्टर करने के बाद नमो भारत स्टेशन पर ईवी चार्जिंग के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करना होगा। स्लॉट बुक करने के बाद ई- वाहन को कुछ ही मिनटों में चार्ज किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए उपयोगकर्ता अपने वाहन की चार्जिंग स्थिति की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग कर सकते हैं और डिजिटल माध्यम से आसानी से भुगतान भी कर सकते हैं। इसके अलावा ई-वाहन चार्जिंग की सुविधा साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर भी उपलब्ध है। अब गुलधर और दुहाई स्टेशन पर दो फास्ट चार्जिंग स्टेशनों के साथ कॉरिडोर पर कुल तीन ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | गुहणा जिला कैथल में राजकीय आईटीआई बिल्डिंग में विशेष मरम्मत (ई.आई. का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 01.07.2025 07.07.2025 | 24.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहबाद जिले में टोहाना और रतिया निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार, 5 अदद रोड अर्थात 1. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.00 से 0.05, 0.35 से 5.00 तक समैण से नांगला पर आईपीबी और 20 मिमी मोटी पीसी जमा ऊपर उठाना (रोड आईडी 5401), 2. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 2.26 तक टोहाना चंदेर रोड से भोदी पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5394), 3. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 3.10 तक ढाणी बाबनपुर से मुस्सा खेड़ा पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान और आईपीबी जमा टीजी. (रोड आईडी 9058), 4. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 1.85 तक चिमो से लाम्बा स्कूल पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5493), 5. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 6.10 तक करांदी से शकरपुरा वाया रत्ताथे पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5653) (ग्रुप-1) एससीएसपी स्कीम के तहत + 2 कार्य। | 28.06.2025 09.07.2025 | 693.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आदमपुर हुडा बाईपास रोड से आदमपुर सादलपुर रोड आरडी 0.00 से 1.125 की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 12283)। | बंद होने की तिथि 07.07.2025 | 153.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | फग्गु गांव :- द्वितीय जलघर के निर्माण, पुराने जलघर के अपग्रेडेशन / पुनरोद्धार, एक अदद बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और गांव में वितरण प्रणाली बिछाने और गांव फग्गु में अन्य विविध कार्यों के लिए डीएनआईटी, ''सीएच.टू :- फग्गु :- द्वितीय कैनाल आधारित जलघर के निर्माण, मौजूदा जलघर के पुनरोद्धार, बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण तथा गांव फग्गू जिला सिरसा में बाजीगर बस्ती को जलापूर्ति सुविधाओं के प्रावधान हेतु आकलन।'' | 26.06.2025 17.07.2025 | 294.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | स्वास्थ्य विभाग नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय में प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु निविदा। | 01.07.2025 22.07.2025 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव जम्मू खाला (डाबरकी पार) में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, स्कीम - एचजीवीवाई, सी.एम. घोषणा कोड सं. 27304 + 3 कार्य। | 27.06.2025 15.07.2025 | 223.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | मण्डी (इस्माईलाबाद) गुरूद्वारा साहिब से पंचायती तालाब नं. 2 तक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज का निपटान + 1 कार्य। | 27.06.2025 13.07.2025 | 26.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कलानौर | **गांव - खेरड़ी, ब्लॉक-कलानौर, जिला रोहतक में भागीरथ की चारदिवारी का निर्माण। | 30.06.2025 15.07.2025 | 5.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015118527 sdokalanaur@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज रोहतक | जलघर के साथ-साथ पंचायती व्रूमि की चारदिवारी का निर्माण, गांव : बहुजमालपुर ब्लॉक रोहतक (वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 7.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.coM |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | खरीफ 2025 से पूर्व आरडी 1600 से 42200 तक पाई डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 4.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrws@rediffmail.com |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा | शिशुसदनों में उपयोग करने के लिए टैक्सटाइल गुड्स की खरीद के लिए ई-निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 1.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416654430 dd1.wcd@gmail.com |
| 12 | बागवानी विभाग हरियाणा, पंचकूला | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में क्वालिटी प्लांटिंग मैटीरियल की आपूर्ति। | 02.07.2025 09.07.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/240/36133/I/88/7 दि. 01.07.25


## खबर संक्षेप

### रेल किराया बढ़ाना आम लोगों के खिलाफ



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने रेल के किराए में वृद्धि को जनता के खिलाफ करार देते हुए कहा कि यह फैसला संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय केंद्र सरकार की व्यावसायिक सोच को दर्शाता है। जनता महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी एवं आय में कमी के कारण रोजमर्रा की भूख-प्यास से त्रस्त एवं दुखी है। ऐसी स्थिति में रेल किराए में वृद्धि आम जनता के विरुद्ध लिया गया निर्णय है।

### बिहार में कल आंधी और बिजली का येलो अलर्ट



**पटना।** बिहार में मौसम विभाग ने 2 जुलाई को पूरे बिहार में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने का भी खतरा रहेगा। मौसम विभाग ने पूरे बिहार में येलो अलर्ट जारी किया है। कैमूर व रोहतास में एक-दो जगहों पर भारी बारिश की आशंका है। पटना में भी बादल छाए रहने के साथ रिमझिम बरसात हो सकती है।

### चंपई सोरेन के 2 सहायक हथियार सहित गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम रहे चंपई सोरेन के दो सहायकों की हथियार सहित गोड्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शख्स में से सुधीर कुमार चंपई सोरेन के सोशल मीडिया का कामकाज देखता था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुधीर कुमार और गणेश कुमार के तौर पर हुई है। सुधीर जमशेदपुर का और गणेश ओडिशा का निवासी बताया गया है।

## प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण

# आयुर्वेद विश्व समुदाय के लिए अनमोल सौगात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोरखपुर में पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण को आयुर्वेद के पुनर्जागरण का उत्सव बताया। उन्होंने आयुर्वेद को विश्व समुदाय के लिए भारत की अनमोल भेंट कहा। राष्ट्रपति ने विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया और योग के महत्व को रेखांकित किया

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गोरखपुर में प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुर्वेद के पुनर्जागरण का उत्सव बताया। कहा आयुर्वेद भारत की ओर से विश्व समुदाय को अमूल्य सौगात है। महामहिम ने विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए बिना थके चलते रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें योग की भूमिका और महत्व को भी रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने अथक और निद्राजीत बनने की प्रेरणा देते हुए योग को इसमें सहायक बताया। दो दिवसीय प्रवास पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार दोपहर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भटहट के पिपरी में प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया।

### गोरखपुर को तपस्या, साधना व अध्यात्म की धरती कहा



अपने संबोधन में गोरखपुर को तपस्या, साधना और अध्यात्म की धरती बताकर इसे प्रणाम करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद गुरु गोरखनाथ जैसा प्रभावशाली और महिमापूर्ण महापुरुष भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ। महामहिम ने महाकवि तुलसीदास की पंक्ति गोरख जगायो जोग का उद्धरण देते हुए बताया कि गोस्वामी जी ने भी इस बात को कहा था कि गुरु गोरखनाथ ने योग को फिर से जगाया है। परमहंस योगानंद की जन्मभूमि गोरखपुर वालों के लिए यह गर्व का विषय है, क्योंकि वह उस धरा से जुड़े हैं, जिसने मानव कल्याण और मानवता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्वतंत्रता से पहले व बाद के आंदोलन में नाथ योगियों के योगदान की चर्चा की

गोरखपुर की समृद्धशाली धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से परिचित हुईं महामहिम ने स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व और पश्चात के आंदोलन में नाथ योगियों के योगदान की चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और बलिदानी बंधु सिंह को भी याद किया। गोरखपुर के मूलभूत ढांचे और यहां का औद्योगिक विकास देख व सुनकर हर्षित राष्ट्रपति ने इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि को दिया तो जनता से इसके लिए कृतज्ञता का भाव रखने की अपील की। आयुष विश्वविद्यालय को प्रदेश नहीं, देश की चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए खुद को सौभाग्यशाली बताया कि इसके लोकार्पण का अवसर उन्हें मिला।

## 'पढ़ना चाहती हूं, लेकिन फीस के पैसे नहीं', छात्रा ने लगाई सीएम योगी से मदद की गुहार

# आपकी फीस माफ कर दी जाएगी या फिर हम राशि का प्रबंध कर देंगे:सीएम

अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ने वाली पंखुड़ी त्रिपाठी ने बताया कि उसके पिता दिव्यांग हैं। मां परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक दुकान पर काम करती है। वहीं बड़ा भाई कक्षा 12 का छात्र है। पंखुड़ी ने कहा कि परिवार की आर्थिक तंगी के कारण उसकी स्कूली शिक्षा लगभग समाप्त हो गई है

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर/लखनऊ

*बड़ा भाई कक्षा 12 का छात्र है*

*पिता दिव्यांग, मां एक दुकान पर काम करती है*

**आर्थिक तंगी के कारण उसकी स्कूली शिक्षा लगभग समाप्त हो गई**

यहां 'जनता दर्शन' के दौरान कक्षा 7 की एक छात्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान छात्रा ने कहा कि उसकी पढ़ाई-लिखाई बाधित हो सकती है, क्योंकि उसके माता-पिता स्कूल की फीस देने में असमर्थ हैं। छात्रा की बात सुनकर मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत करो, सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पढ़ाई न छोड़नी पड़े। गोरखपुर के कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली लड़की पंखुड़ी त्रिपाठी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी से मदद की अपील की थी। पंखुड़ी ने मुख्यमंत्री से कहा- मैं पढ़ना चाहती हूं, लेकिन मेरा परिवार स्कूल की फीस देने में असमर्थ है।



अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ने वाली पंखुड़ी त्रिपाठी ने बताया कि उसके पिता दिव्यांग हैं। मां परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक दुकान पर काम करती है। वहीं बड़ा भाई कक्षा 12 का छात्र है। पंखुड़ी ने कहा कि परिवार की आर्थिक तंगी के कारण उसकी स्कूली शिक्षा लगभग समाप्त हो गई है। छात्रा की ईमानदारी से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आश्वासन दिया कि उसकी शिक्षा बाधित नहीं होगी। उन्होंने वादा किया, या तो आपकी फीस माफ कर दी जाएगी या फिर हम राशि का प्रबंध कर देंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी त्रिपाठी की उनके साथ तस्वीर खिंचवाने की इच्छा भी पूरी की।

### योगी सरकार ने 63 तहसीलदार को बनाया एसडीएम, सैलरी में हुआ बड़ा बदलाव

योगी सरकार ने 63 तहसीलदारों को एसडीएम के पद पर पदोन्नति दे दी है। इन्हें सातवें वेतनमान में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में 56,100-1,77,500 रुपए वेतनमान मिलेगा। नियुक्ति विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए। पदोन्नति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में डीपीसी की बैठक 26 जून को हुई थी। इन्हें वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही पदोन्नत करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया है।

इनका परिवीक्षा काल दो वर्ष का होगा। नियुक्ति विभाग ने दो आदेश अलग से जारी किए हैं। इनमें श्रावस्ती में तैनात प्रद्युमन कुमार को उनके कनिष्ठ विनोद कुमार की पदोन्नति 20 मार्च 2025 की तिथि से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक नोशनल प्रोन्नति दी जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उन्हें वास्तविक प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। उनकी ज्येष्ठता बाद में निर्धारित की जाएगी।

इसी प्रकार आगरा में तैनात श्रद्धा पांडेय को भी उनकी कनिष्ठ रानी गरिमा जायसवाल की 30 जून 2023 की प्रोन्नति की तिथि से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक नोशनल प्रोन्नति दी जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने तिथि से वास्तविक प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। इनकी भी वरिष्ठता बाद में निर्धारित की जाएगी।

## केवि दिल्ली मस्जिद मोठ में सात दिवसीय एडवांस फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मस्जिद मोठ, दिल्ली में 7 दिवसीय एडवांस फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ज्योति रैना (प्रोफेसर, गार्गी कॉलेज) के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय विद्यालय संगठन के दिल्ली संभाग एवं गुरुग्राम संभाग की 40 फ्लॉक लीडर प्रतिभागिता कर रही है। सर्वप्रथम स्काउट गाइड झंडारोहण व झंडा गीत हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षण दल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। मुख्य अतिथि प्रो. ज्योति रैना ने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियों से जीवन में अनुशासन आता है। ऐसे कार्यक्रमों से ही भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनेगा। विद्यालय की प्राचार्य ममता सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरे मन से इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा विद्यालय में स्काउट गाइड की गतिविधियों को अच्छे से आयोजित करें। कोर्स नायिका चमन शुक्ला ने इस शिविर के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस कैंप के प्रभारी केशव कुमार सैनी ने बताया कि यह शिविर एक जुलाई से सात जुलाई तक चलेगा। शिविर पूर्णतः आवासीय रहेगा। कार्यक्रम में सहायक प्रशिक्षक प्रीति आनंद, विनीता सेमवाल, सुषमा तिवारी, विद्यालय की मुख्य अध्यापिका दीपिका दत्ता, मुख्य अध्यापक यशवंत व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

- प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय विद्यालय संगठन के दिल्ली संभाग एवं गुरुग्राम संभाग की 40 फ्लॉक लीडर ले रहे भाग - सर्वप्रथम स्काउट गाइड झंडारोहण व झंडा गीत हुआ
- मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षण दल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया
- विद्यालय के छात्रों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया

## पेज एक का शेष

### परमाणु हथियारों के इस्तेमाल...

**आर्थिक युद्ध था पहलगाम हमला :** 9/11 आतंकी हमले के स्मारक के करीब हुई इस बातचीत में जयशंकर ने आतंकवाद के मामले पर पाक को न केवल बेनकाब किया, बल्कि उसे भारत के इरादे दो टूक अंदाज में बता भी दिए। उन्होंने कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले का कृत्य आर्थिक युद्ध के समान था। जिसका मकसद जम्मू-कश्मीर के पर्यटन को बर्बाद करना था। जो केंद्रशासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। हमले से धार्मिक हिंसा भड़काने की कोशिश भी की गई थी। क्योंकि 22 अप्रैल को हुए इस क्रूर आतंकी हमले में 26 लोगों को मारने से पहले आतंकियों ने सबसे पहले उनका धर्म ही पूछा था। लेकिन इस घटना के बाद से पूरे देश में यही भावना है कि अब बस बहुत हो गया। साथ ही भारत ये भी साफ कर देना चाहता है कि अब उसे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने में किसी तरह की कोई परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी नहीं रोक सकती है।

**आतंकियों को नहीं छोड़ेगा भारत :** उन्होंने कहा कि भारत पिछले कई सालों से पाकिस्तानी आतंकवादी हमलों का शिकार हुआ है। इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को सबक सिखाए बिना नहीं छोड़ सकते हैं। आतंकी सीमा पार बैठे हैं। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती। मुझे लगता है कि इस विचार को बदलने की आवश्यकता है। हमने यही किया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान के आतंकवाद की असली शुरुआत 1947 में आजादी के कुछ महीनों बाद ही हो गई थी। जब पाक ने भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंकी भेजे और उन्हें उनके छद्म रूप या कबायली हमलावर बताया। जल्द ही इनके पीछे पाक सेना नजर आई।

**नष्ट किए आतंक के कॉरपोरेट अड्डे :** विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद भारत के खिलाफ हमले करने वाले आतंकी अड्डे किसी से ढके-छिपे हुए नहीं हैं। ये आतंकवादी संगठन हैं, जो पाकिस्तानी घनी आबादी वाले शहरों में मौजूद इनके कॉरपोरेट मुख्यालय के समान ही हैं। सभी ये भी जानते हैं कि संगठन 'ए' और 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं। जिन्हें भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नेस्तनाबूद किया है। यह सैन्य अभियान पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई थी। हमले की जिम्मेदारी पाक संचालित लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन के छद्म रूप द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। हमने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ढांचे को निशाना बनाने का काम शुरू किया था। हमारा देश यह स्पष्ट करना चाहता है कि आतंकियों को किसी तरह की कोई रियायत नहीं मिलेगी। हम आतंकवादियों के छद्म संगठनों के अलावा उस सरकार (पाकिस्तान) के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। जो आतंकियों को सहयोग करने, उनके वित्त पोषण और अन्य प्रकार से उन्हें बढ़ावा देने के लिए मदद प्रदान करते हैं।

**परमाणु हथियारों की आड़ में हमले नहीं चलेंगे :** उन्होंने कहा कि हम इस बात को बहुत लंबे समय से सुनते आ रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देश परमाणु संपन्न हैं। जिसकी आड़ में दूसरा देश आता है और इस तरह की भयानक चीजें करता है। लेकिन आप कुछ नहीं करते क्योंकि उससे पूरी दुनिया नाराज होगी। अब हम इसमें फंसने वाले नहीं हैं। अगर हम पर आतंकी हमले किए गए तो हम वहां जाएंगे और उन लोगों को मार गिराएंगे। जिन्होंने हम पर हमला किया है। इससे यह साफ हो जाता है कि अब भारत को आतंकियों, उनके छद्म संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने के लिए परमाणु धमकी काम नहीं करेगी। देश अपने लोगों की रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा। उसे हर हाल में करेगा। जयशंकर के इस जवाब में संवाद कक्ष तालियों से गूंज उठा।

**वैश्विक आतंकी हमलों में पाक का हाथ :** विदेश मंत्री ने यूएन मुख्यालय में उद्घाटित की गई आतंकवाद से जुड़ी प्रदर्शनी के दौरान कहा, दुनिया में आतंकी हमलों में जो बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उनके पीछे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों का हाथ रहा है। भारत ये मानता है कि आतंकवाद वास्तव में सभी के लिए एक खतरा है और कोई इसे अपनी नीति के एक उपक्रम की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकता है। क्योंकि अंत में ये सभी को काटेगा। दुनिया के लिए भारत का यही संदेश है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति होनी चाहिए। इसके लिए किसी तरह की कोई परिस्थिति, कोई बहाना या कोई सफाई नहीं होना चाहिए। जिसकी मदद से कोई देश आतंकवाद को समर्थन करने के साथ उसके वित्त पोषण व आतंकी घटनाओं को बढ़ावा न दे सकें।

### द्विपक्षीय था संघर्षविराम...

प्रधानमंत्री बिलकुल भी नहीं डरे और उन्होंने अमेरिका के उप राष्ट्रपति को ये साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर कार्रवाई का भारत करारा जवाब देगा। हमने ठीक वैसा ही किया भी। उसके बाद अगली सुबह अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का मुझे फोन आया और उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत से बात करने के लिए तैयार है। इसलिए मैं आपसे अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा कर रहा हूं कि उस रात क्या हुआ था।

### विधायक हेमंत खंडेलवाल..

उनके नाम की औपचारिक घोषणा बुधवार को की जाएगी। संघ के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश सोनी ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने में भूमिका निभाई थी, उन्होंने ही हेमंत के नाम पर मुहर लगाई।

### अगले 2 साल....

3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के रोजगार सृजन का समर्थन करने के लिए इस योजना को बनाया गया है। यह स्कीम सभी से चर्चा करने के बाद तैयार की गई है। इस स्कीम का ऐलान बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा किया गया था।

### दो किस्त में ...

एम्प्लॉयमेंट देते हैं तो इसके तहत 2 साल तक 3000 रुपए प्रति महीने हर कर्मचारी पर सपोर्ट दिया जाएगा। इससे रोजगार के ज्यादा अवसर खुलेंगे। इससे सतत विकास को बढ़ावा देगा।

### रक्षा संबंधों को और...

बढ़ाना शामिल है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर अमेरिकी रक्षा मंत्री से हुई अपनी बातचीत के बारे में एक पोस्ट साझा की। जिसमें उन्होंने रक्षा भागीदारी को मजबूती प्रदान करने के लिए मौजूदा और भावी कदमों की समीक्षा करने का उल्लेख किया। साथ ही जल्द ही अमेरिकी रक्षा मंत्री से मिलने की उम्मीद जताई।

**राजनाथ ने सराहा अमेरिकी सहयोग :** मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा मंत्री से बातचीत में आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के मामले पर भारत को दिए गए अमेरिका के दृढ़ सहयोग की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के रक्षा मंत्री के सशक्त नेतृत्व की प्रशंसा की। जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग एक नए स्तर पर जा पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अमेरिका में एक प्रत्यक्ष द्विपक्षीय रक्षा भागीदारी से जुड़ी बैठक करने के लिए आमंत्रित किया। इस साल जनवरी महीने में अमेरिका के रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद दोनों के बीच टेलीफोन पर हुई यह तीसरी वार्ता थी।

### सरहदी तनाव के बीच...

ने 1 जुलाई को जारी किए गए एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच किया गया कैदियों संबंधी यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच वर्ष 2008 में हुए काउंसलर एक्सेस संबंधी द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया है। जिसके जरिए दोनों देश हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को इस प्रक्रिया को पूरा करते हैं। भारत ने पाक को जो सूची सौंपी है। उसमें या तो पाकिस्तानी नागरिक हैं या वो लोग हैं जो अपने आप को पाक नागरिक मानते हैं। इसी क्रम में पाकिस्तान ने भारत को उसके नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची सौंपी है। भारत मानवता से जुड़े तमाम मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पाकिस्तान से भारतीय जेलों में बंद 80 पाक नागरिक कैदियों और मछुआरों की नागरिकता संबंधी जांच को जल्द पूरा करने का आग्रह करता है।

**पाक से देश लौटे 2732 नागरिक :** मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2014 से भारत सरकार ने पाकिस्तान से कुल 2734 नागरिकों की स्वदेश वापसी कराई है। जिसमें 2 हजार 661 भारतीय मछुआरे और 71 नागरिक कैदी शामिल हैं। इसमें 2023 में देश पहुंचे 500 भारतीय मछुआरे और 13 नागरिक कैदी भी शामिल हैं।

### एनएचएआई ने आगामी...

लेन चिह्नों, सड़क सुरक्षा संबंधी उपायों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करना तथा यात्रा के दौरान क्षेत्र में मौसम की प्रतिकूल स्थिति के कारण उत्पन्न होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए पर्याप्त जनशक्ति और मशीनों के साथ समर्पित त्वरित प्रत्युत्तर टीमों की तैनाती करना था। बैठक को संबोधित करते हुए एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने इस बात पर जोर दिया कि श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करने और यात्रा की तैयारियों के लिए तुरंत सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया। एनएचएआई के सदस्य (तकनीकी) आलोक दीपांकर ने एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालयों को खराब मौसम के कारण अचानक बाढ़ या भूस्खलन जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त जनशक्ति और मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन खंडों पर काम में तेजी लाने और तीर्थयात्रियों और अन्य यात्रियों की सुरक्षा के लिए उचित सड़क सतहों, लेन मार्किंग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। एनएचएआई ने तैयारियों के एक हिस्से के रूप में, रामबन और अनंतनाग जिलों के अस्पतालों के लिए काजीगुंड एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पांच एम्बुलेंस का बेड़ा प्रदान किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को सार्वजनिक सेवा के लिए एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग की भावना प्रतिबिंबित हुई तथा श्रद्धालुओं के लिए सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त अमरनाथ यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए एनएचएआई की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।

### हरियाणा सरकार ने...

रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह हेतु, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी हेतु और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो - को भी अब 51,000 रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी। इन लाभार्थियों को पहले से मिल रहा समर्थन इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51,000 रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51,000 रुपये की सहायता राशि मिलती है। आवेदन प्रक्रिया सरल और ऑनलाइन प्रवक्ता ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक shadi.edisha.gov.in पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### दिल्ली में रहते हैं...

महत्वपूर्ण है, जो काम, शिक्षा या अन्य कारणों से अपने मूल निवास से दूर किसी अन्य शहर या राज्य में रह रहे हैं।क्यों जरूरी है यह स्पष्टीकरण? आज के दौर में, लाखों लोग रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से अपने गृहनगर से दूर रहते हैं। ऐसे में, मतदाता सूची में पंजीकरण को लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति रहती है। कई लोग अपने पैतृक निवास के आधार पर वोट डालने की कोशिश करते हैं, जबकि वे वहां नियमित रूप से नहीं रहते। ज्ञानेश कुमार का यह बयान इस भ्रम को दूर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, "मतदाता सूची में आपका नाम उस स्थान पर होना चाहिए, जहां आप वास्तव में रहते हैं। यह न केवल कानूनन सही है, बल्कि इससे आपकी भागीदारी भी आसान हो जाती है।" उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि लोग अपने वर्तमान निवास के आधार पर मतदाता सूची में पंजीकरण कराएं और जरूरत पड़ने पर अपने पुराने मतदाता पंजीकरण को हटवाएं।

**कैसे करें मतदाता सूची में पंजीकरण :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने मतदान के अधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समय पर मतदाता सूची में पंजीकरण कराएं। पंजीकरण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं:

ऑनलाइन पंजीकरणः भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर पंजीकरण किया जा सकता है।

ऑफलाइन पंजीकरणः नजदीकी मतदाता पंजीकरण केंद्र या तहसील कार्यालय में जाकर फॉर्म-6 जमा किया जा सकता है।

आवश्यक दस्तावेजः पहचान और निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, या किराए के समझौते जैसे दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

वोटर लिस्ट में नाम स्थानांतरित करने की प्रक्रिया : अगर कोई व्यक्ति अपने पुराने निवास से नए निवास स्थान पर वोटर लिस्ट में नाम स्थानांतरित करना चाहता है, तो वह फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकता है। इसके लिए भी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं।

चुनाव आयोग की अपील : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने मतदान के अधिकार को महत्व दें और सही स्थान पर पंजीकरण करवाकर लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा, "आपका वोट आपकी आवाज है। इसे सही जगह पर दर्ज करवाएं ताकि आप अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दे सकें।" यह स्पष्टीकरण न केवल मतदाताओं के लिए उपयोगी है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि भारत का निर्वाचन तंत्र और अधिक पारदर्शी और समावेशी बने।

### रेलवे ने लॉन्च ....

है। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट (3% की छूट के साथ), लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत निवारण, ई-कैटरिंग, कुली बुकिंग और अंतिम मील टैक्सी सेवा जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### रेलवन एप आईआरसीटीसी ...

और बायोमीट्रिक लॉगिन के जरिए सिंगल साइन-ऑन की सुविधा है। पहले से रेल कनेक्ट और यूटीएस एप का उपयोग करने वाले यात्री अपनी मौजूदा आईडी से रेल वन में भी लॉगिन कर सकते हैं। इससे यात्रियों को कई एप्स की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनके फोन में जगह भी बचेगी। रेलवन एप के जरिए यूजर्स को ट्रेन के लाइव स्टेटस, आगमन समय, देरी की जानकारी, और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट मिलेंगे।

### वैष्णव ने सीआरआईएस....

स्केलेबल होगा, जो हर मिनट 1.5 लाख टिकट बुकिंग और 40 लाख पूछताछ को संभालने में सक्षम होगा। इसमें सीट चयन, किराया कैलेंडर और दिव्यांगजन, छात्रों और मरीजों के लिए विशेष विकल्प जैसे उन्नत फीचर्स भी शामिल होंगे।

### पाकिस्तान संग तनाव के...

के साथ कुल 26 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। नौसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

**देवराज इंद्र की तलवार से प्रेरित नाम :** इस युद्धपोत का नाम भारत की प्राचीन पौराणिक कथाओं में मौजूद देवताओं के राजा इंद्र की शक्तिशाली तलवार तमाल से प्रेरित है। इसका प्रतीक चिन्ह रामायण में अत्यंत आदरणीय माने जाने वाले योद्धा जामवंत और रूस के भूरे रंग के भालू के मिश्रण से बनाया गया है। जो कि मूल रूप से दोनों देशों के गहरे और मजबूत संबंधों को प्रदर्शित करता है। तमाल का आदर्श वाक्य सर्वदा, सर्वत्र विजय है। जिसका अर्थ हर जगह, हर समय जीत है। युद्धपोत के सैनिक अपने आप को द ग्रेट बेयर्स कहते हैं। तमाल प्रोजेक्ट-1135.6 श्रेणी का आठवां और तुशील श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है। जिसे पिछले साल 24 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस में आयोजित एक कार्यक्रम में नौसेना को समर्पित किया था। सभी युद्धपोत बल के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा हैं। जल्द ही तमाल की भारत पहुंचने की यात्रा शुरू होगी। जिसमें ये कर्नाटक के कारवार अड्डे पर तैनात किया जाएगा। समुद्री यात्रा में तमाल दुनिया के कई बंदरगाहों से होकर स्वदेश पहुंचेगा।

**125 मीटर लंबाई, 3,900 टन वजनी :** तमाल की लंबाई 125 मीटर और कुल वजन 3 हजार 900 टन है। समुद्र में इसकी गति 30 नॉट्स (60 किमी. प्रति घंटा) होगी। इसके चालक दल में 250 नौसैनिक और 26 अधिकारी शामिल हैं। जिन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग और केलिनग्राद के कठिन सर्दियों के मौसम में जटिल प्रशिक्षण लिया है। युद्धपोत की स्टेल्थ क्षमता इसे दुश्मन के रडार की पकड़ से अभेद सुरक्षा कवच प्रदान करती है। जबकि यह ब्रह्मोस मिसाइल, अत्याधुनिक रडार, भारी टारपीडो, 100 एमएम की बंदूक, त्वरित गति से हमला करने वाले रॉकेट, पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से भी लैस है। तमाल में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम, नेटवर्क आधारित लड़ाकू विमान तकनीक और एयरबॉर्न अर्ली वार्निंग हेलिकॉप्टर जैसे कामोव 28 और कामोव 31 तैनात रहेंगे। यह तमाम विशेषताएं इसे हर परिस्थिति में दुश्मन के खिलाफ पूरी तरह से तैयार के साथ तैनाती के योग्य बनाती हैं।

**तमाल को 2022 में लांच किया गया :** युद्धपोत के कमांडर एक गनरी और मिसाइल वॉरफेयर विशेषज्ञ कैप्टन श्रीधर टाटा होंगे। युद्धपोत को 24 फरवरी 2022 में लांच किया गया था। यह नौसैन्य युद्ध से जुड़े चारों आयामों में दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है। जिसमें एयर, सरफेस, अंडरवॉटर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मुख्य हैं। 2022 में लांच के बाद तमाल के समुद्री परीक्षणों की शुरुआत नवंबर 2024 में हुई थी। जो इसी साल जनवरी में पूरे हुए हैं। इसने सफलतापूर्वक रूसी हथियार सिस्टम की परीक्षण की प्रक्रिया को पूरा किया है। जिसमें वर्टिकल लांच के साथ सतह से हवा में मार की जाने वाली मिसाइल स्थिल-1, आर्टिलरी हथियार और टॉरपीडो शामिल हैं। तमाल को नौसेना को सौंपने के समारोह की शुरुआत एक गार्ड ऑफ आनर से हुई। चालक दल ने युद्धपोत को परंपरागत सलामी (कलर गार्ड) दी। जिसमें भारत और रूसी नौसेना के कर्मियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। बीते 65 वर्षों में भारत-रूस सामरिक भागीदारी के तहत कुल 51 युद्धपोतों का निर्माण किया गया है। वाइस एडमिरल सिंह ने कहा, तमाल का नौसेना में शामिल होना देश की समुद्री क्षमता और दोनों देशों के सहयोग के बीच एक मील के पत्थर के समान है।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।



## लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

## हॉलीवुड मसाला




# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील



मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण से कसकर लगे गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# पोषण ट्रैकर एप का निचले अमले को अवश्य दें प्रशिक्षण, अधिकारी करें मॉनिटरिंग: मंत्री भूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप (ऊंचाई, वजन एवं आयु के अनुपात में पोषण स्थिति) से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है।

इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है। मंत्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बौनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है।




### अफसर करें नवाचार...

मंत्री भूरिया ने यह बात एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में 'मोटी आई' के कॉन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर संयुक्त संचालक स्वर्णिमा शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से पोषण ट्रैकर एप तथा कुपोषण की जिले वार स्थिति की जानकारी दी।

### सफलता एप के सही उपयोग पर निर्भर

मंत्री भूरिया ने कहा कि इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा।

### पोषण ट्रैकर एप के आंकड़े और वास्तविक आंकड़ों मे फर्क

अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरुण शमी ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप के आंकड़े और वास्तविक आंकड़ों में फर्क इसलिए दिखता है क्योंकि हम सही मॉनिटरिंग नहीं कर रहे है। हर स्तर पर डेटा की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मप्र पहला राज्य है, जहॉ बालिकाओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू कि गई, महिलाओं को हर महीने लाड़ली बहना के तहत निश्चित राशि अंतरित की जा रही है, पर इस बात की मॉनिटरिंग भी होनी चाहिए कि महिलाएं इस राशि का उपयोग कर अपने बच्चों के पोषण पर ध्यान रख रही है अथवा नहीं। अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि यह कार्यशाला डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप एक डेटा-ड्रिवन अप्रोच के द्वारा प्रदेश के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने और उन्हें सुपोषण की ओर ले जाने मे महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### कुपोषण एक बड़ी समस्या: आयुक्त वली

आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने कहा कि कुपोषण एक बड़ी समस्या है, जिसके अनेक कारण है। जिस क्षेत्र मे कुपोषण के आंकड़े बढ़े हुए हैं, वहां पर संबंधित अधिकारी को हर स्तर पर इसकी जांच करना होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी को एनआरसी की पूरी जानकारी होना चाहिए कि उसमें कितने बेड खाली है, डॉक्टर्स से निरंतर बात कर एसएएम, एमएएम बच्चों की जानकारी लें। कुपोषण को दूर करने लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आयुक्त श्रीमती वली ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप में सही उपयोग से कुपोषण की पहचान करना, समय पर हस्तक्षेप करना और कुपोषण को कम करना संभव है।

---

## खबर संक्षेप

### नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन प्रक्रिया के तहत 25 जुलाई को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी ) की बैठक होगी। इससे पहले 4 जुलाई को नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार की जाएगी। प्रदेश में 22 जुलाई को वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके आधार पर 25 जुलाई को अंतिम प्रमोशन बैठक आयोजित की जाएगी। आयुक्त संकेत भोंडवे ने संबंधित कार्यालयों को आदेश जारी कर प्रमोशन प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### रजिस्ट्रार बड़गैया की कराई लोकायुक्त में शिकायत

**भोपाल।** नगर निगम में जोनल अधिकारी रहते हसंबल योजना की राशि फर्जी तरीके से निकालने के मामले में फंसे राजस्व निरीक्षक सत्यप्रकाश बड़गैया की लोकायुक्त को शिकायत की गई है। इसके साथ बड़गैया को अवैध तरीके से नगर निगम में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार बनाने पर कार्रवाई की मांग की गई है। आरटीआई एक्टिविस्ट फोरम के चेयरमेन रवींद्र गुप्ता ने बताया कि वे संबल घोटाले में दोषी हैं। भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण के अनुग्रह एवं अंत्येष्टि सहायता राशि के भुगतान में घोटाला किया गया है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खंडवा में श्री दादाजी दरबार भूमि-पूजन महोत्सव में हुए शामिल

# आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है श्री धूनी वाले दादा का मंदिर : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर जिलेवासियों सहित निमाड़ क्षेत्र के भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह केवल एक मंदिर नहीं लाखों भक्तों की आस्था एवं उनकी श्रद्धा का प्रतीक है। मंदिर निर्माण की कई बरसों पूर्व की कामना सोमवार को शिलान्यास के साथ पूर्ण हुई जो एक नए आध्यात्मिक युग का प्रारंभ हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को खंडवा में आयोजित श्री दादाजी दरबार भूमि-पूजन महोत्सव में पहुंचकर समाधि के दर्शन और पूजन-अर्चन किया। उन्होने भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि-पूजन स्थल पर पुष्प अर्पित किए। श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर के भव्य निर्माण के लिए भूमि-पूजन वेद-ऋचाओं के उच्चारण के साथ संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में हुआ।




### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग एवं प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, पंधाना विधायक छाया मोरे, महापौर अमृता यादव, विधायक

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खंडवा में वाटरशेड सम्मेलन एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान पर संदेश के रूप में प्राप्त आशीर्वाद के लिए आभार माना है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक 3 माह के जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का संदेश प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 90 दिन संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का सफलता के साथ समापन हुआ है। हालांकि यह अभियान भिन्न स्वरूप में जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनते देखना एक सुखद अनुभूति है। मुख्यमंत्री ने मप्र के समस्त नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए उनकी ओर से दिए गए विशेष संदेश पर आभार माना है।*

### मुख्यमंत्री ने किए समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री दादाजी दरबार में श्री बड़े और छोटे दादाजी महाराज की समाधियों के दर्शन कर पूजन अर्चन किया और धूनीमाई में आहूति अर्पित कर प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधि स्थल पर संतों की उपस्थिति में पुष्प अर्पित किए।

### भव्य मंदिर निर्माण किया जाएगा

श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर का निर्माण 22 एकड़ भूमि पर 100 करोड़ की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा जितना संभव हो उतना मंदिर का निर्माण कार्य किया जाए, उसके बाद शेष रहे कार्य का निर्माण शासन द्वारा किया जाएगा। मंदिर का निर्माण शिर्डी एवं अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर विभिन्न चरणों में किया जाएगा। मंदिर निर्माण में संगमरमर का उपयोग होगा। निर्माण कार्य का प्रारंभ गुरु पूर्णिमा के बाद किया जाएगा। भव्य मंदिर निर्माण में आधुनिक गौशाला, सेवाधारी निवास, पार्किंग व्यवस्था, भक्त निवास, भोजनशाला एवं नर्मदा परिक्रमावासी विश्रामस्थल का निर्माण किया जाएगा।

---

अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री गांव का मामला



# यात्री बस और डंपर में जबरदस्त टक्कर, तीन की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। बस जगदलपुर से रायपुर आ रही थी। इस दौरान हाइवा और बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं कई घायल हुए हैं। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार, अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री गांव में सुबह लगभग चार बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे के तीन बस यात्री शिकार हो गए। दरअसल, जगदलपुर से रायपुर आ रही बस की डंपर से जोरदार भिड़ंत हो गई। जोरदार भिड़ंत से बस के आगे हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

### जांच में जुटी पुलिस

*इस हादसे में एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छह यात्री घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत 108 के मदद से अस्पताल ले जाया गया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी है।*

---

पड़ोसी से विवाद का मामला, धमकी- मारपीट का आरोप

# कांग्रेस विधायक बालेश्वर पहले गिरफ्तार, फिर मुचलके पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर चांपा

जैजैपुर से कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया, हालांकि मामला जमानती होने के कारण उन्हें मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। विवाद उनके पड़ोसी से एसी यूनिट लगाने को लेकर हुआ था, जो देखते ही देखते हाथापाई और धमकी तक पहुंच गया।



दरअसल, 10 जून 2025 को चांपा निवासी चंद्रशेखर राठौर ने थाने में लिखित शिकायत दी थी कि विधायक साहू ने उनके मकान की दीवार पर जबरदस्ती अपना एसी का आउटर यूनिट लगा दिया था। कई बार कहने के बावजूद इसे नहीं हटाया गया। घटना के दिन जब शिकायतकर्ता के जीजा हेमंत राठौर ने मौके पर मौजूद मजदूरों से एसी हटाने को कहा, तो विधायक खुद मौके पर पहुंचे और परिवार से विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हेमंत राठौर ने मोबाइल से पूरी घटना की रिकॉर्डिंग शुरू की, तो विधायक ने उनका मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दी। इतना ही नहीं, विधायक ने उन्हें थप्पड़ मारे और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत की जांच के बाद मामला सत्य पाया गया और चांपा थाना पुलिस ने धारा 329(4), 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी विधायक को गिरफ्तार किया गया। हालांकि मामला जमानती होने के कारण विधायक साहू को मुचलके पर रिहा कर दिया गया है और गिरफ्तारी की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष को भी भेज दी गई है।

---

मंत्री परमार होंगे सर्वोच्च परामर्शदायी समिति के अध्यक्ष

### उच्च शिक्षा विभाग ने किया एपेक्स एडवाइजरी कमेटी का गठन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों पर पुनर्गठित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार सर्वोच्च परामर्शदायी समिति के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार और सदस्य सचिव अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन नामित किए गए हैं। समिति में डॉ. के. राधाकृष्णन चेयरमेन, बोर्ड ऑफ गवर्नेंस, आईआईटी कानपुर, प्रो. अनिल सहबुद्धे चेयरमेन, नैक बेंगलुरु, प्रो. संतिश्री धूलिपुडी पंडित कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विवि, प्रो. आर. बालासुब्रमण्यम सदस्य (एचआर), कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन, मिशन कर्मयोगी, भारत सरकार, प्रो. भरत भास्कर, निदेशक, आईआईएम अहमदाबाद, प्रो. दीपक श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, यूजीसी, डॉ. विक्रांत सिंह तोमर वैश्विक शिक्षाविद, प्रो. गोविंदन रंगराजन निदेशक, आईआईएससी, बेंगलुरु सदस्य नामित किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव राजभवन के.सी. गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य नामित हैं।

---

# शाह की अध्यक्षता में हुई सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक' हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मप्र की सहकारिता से जुड़ी उपलब्धियों, नवाचारों और सहकारिता के क्षेत्र में भविष्य की दिशा पर केंद्र सरकार को सुझाव दिए। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सारंग ने बताया कि मप्र में प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को बहुद्देशीय इकाइयों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार को उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक पैक्स को उनके संचालन के लिये वार्षिक तीन लाख 24 हजार रुपए की वित्तीय सहायता तथा जनजातीय क्षेत्रों में तीन लाख 48 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई पैक्स की स्थापना और उनके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता आधारित सेवाओं का विस्तार और सशक्तीकरण संभव हो सके।



मंत्री सारंग ने साझा किए प्रदेश के नवाचार और दिए सुझाव

### बीज क्षेत्र में नवाचार 'चीता ब्रांड'

*मध्यप्रदेश में बीज संघ को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए मंत्री सारंग ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 'चीता ब्रांड' बीजों की शुरूआत की गई है, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीज लगभग आधी कीमत पर किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।*

---

विभागीय योजनाओं भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्ण: शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं।

फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओटी टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति के लिए भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। इस विषय में व्यावहारिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में विभागीय योजनाओं, भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की वृहद समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



---

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी इंटेलीजेंस को सौंपा ज्ञापन

# पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर झूठी, इसे तत्काल निरस्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर एडीजी इंटेलिजेंस को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने ज्ञापन में जनविरोधी कार्रवाइयों और गिरती कानून व्यवस्था का उल्लेख किया। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर का झूठी करार देते हुए निरस्त करने की मांग की। वहीं, सागर में पुलिस द्वारा मृतक ओमकार अहिरवार के परिजनों को मानसिक रूप से प्रताड़ति किए जाने और गलत तरीके से एफआईआर दर्ज करने की शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया सहित अन्य नेता शामिल रहे।



---

# सीएम ने की केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले से मुलाकात



*रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय महानदी भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।*

---

पहचान और लोकेशन ट्रैक करने में होगी आसानी

# मध्यप्रदेश में अब बनाई जा रही हाथियों की आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ नेशनल पार्क सहित कई स्थानों पर हाथियों का मूवमेंट है। टाइगर के पेटर्न पर अब वन विभाग इनकी भी विशिष्ट पहचान आईडी बना रहा है जो डिजिटल रूप से तैयार की जा रही है, ताकि इनका रिकार्ड रखा जा सके। वहीं, वन अमले द्वारा इनकी पहचान करने और लोकेशन ट्रेक करने में आसानी हो। पहचान के लिए प्रत्येक हाथी को एक विशेष कोड भी दिया जा रहा है। इससे बड़ा फायदा यह भी है कि आईडी के जरिए इनकी गणना करने में भी आसानी होगी। देखा जाए तो मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ नेशनल पार्क, संजय गांधी टाइगर रिजर्व, कान्हा नेशनल पार्क और पेंच नेशनल पार्क में 80 से अधिक हाथी विचरण कर रहे है। साथ ही निजी व्यक्तियों और संस्थाओं के पास करीब 20 हाथी हैं। इन हाथियों पर एक माइक्रो चिप भी लगाई जा रही है, जिससे इनकी लोकेशन और पहचान को आसानी से ट्रैक किया जा सके। अफसरों का कहना है कि आईडी बनाने का फायदा यह होगा कि इनका मूवमेंट यदि आबादी वाले स्थलों पर होता है तो समय पूर्व लोगों को अलर्ट किया जा सकेगा।



### 25 के आसपास हाथियों की आईडी बनी

वाइल्ड लाइफ विंग के पीसीसीएफ शुभरंजन सेन का कहना है हाथियों की आईडी बनाने का काम शुरू कर दिया है। 25 के आसपास हाथियों की आईडी बनाई जा चुकी है। विभाग के पास पहचान के लिए उनका रिकार्ड हो इस लिए यह आईडी बनाई जा रही है। इसमें वो हाथी शामिल नहीं है जो सीमावर्ती राज्यों से आ जाते है या स्वाभाविक रूप से जंगल में विचरण कर रहे है। जल्द ही आईडी बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

---

# महतारी वंदन योजना के तहत सत्रहवीं किश्त जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक तारीख को माह जुलाई 2025 की सत्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.23 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 647.66 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है।




छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 17 माहों में 11081.68 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है।

## चिंतन

# डिजिटल इंडिया की प्रगति अच्छी, अभी चुनौतियां कई

डिजिटल इंडिया मिशन ने दस वर्ष पूरे किए हैं। वर्ष 2015 से अब तक एक दशक में भारत ने डिजिटल समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस दौरान न केवल डिजिटल विभाजन कम हुआ है, बल्कि डिजि इन्फ्रा समेत डिजिटल पहुंच का दायरा भी बढ़ा है। 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर करीब 97 करोड़ हो गई है। देश में 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछ चुका है, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है। डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है। ब्रॉडबैंड हाईवे, मोबाइल कनेक्टिविटी, पब्लिक इंटरनेट एक्सेस, ई-गवर्नेंस, ई-क्रांति, सभी के लिए सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नौकरियों के लिए आईटी, अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम जैसे डिजिटल इंडिया मिशन के नौ स्तंभ हैं। दस वर्ष में डिजिटल साक्षरता के साथ सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बढ़ी है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में भारत को सिरमौर बना दिया है। आधार, कोविन, डिजिलॉकर और फास्टैग से लेकर पीएम-वाणी, भारतनेट, ई-गवर्नेंस और 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' तक ने डिजिटल मिशन को गति दी है। वर्ष 2023 में वैश्विक रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स में भारत की 49 फीसदी हिस्सेदारी थी। यूपीआई अब 7 से अधिक देशों में लागू है। देश में एआई और सेमीकंडक्टर मिशन चल रहे हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, रोबोटिक्स और ब्लॉक चेन में भी काम हो रहे हैं। लेकिन डिजिटल इंडिया कई चुनौतियों का भी सामना कर रहा है, जिनमें डिजिटल डिवाइड (ग्रामीण इंटरनेट पहुंच और डिजिटल साक्षरता करीब 37 फीसदी है), साइबर सुरक्षा (करीब 15 लाख फ्रॉड केस), डेटा गोपनीयता, बुनियादी ढांचे की कमी, ई कचरा निपटान और नियामकीय चैलेंज शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच, स्पीड और डिजिटल साक्षरता अभी भी कम है। भारत में करीब आठ लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के बावजूद, डेटा दुरुपयोग और गोपनीयता उल्लंघनों की चिंता बनी हुई है। 61 फीसदी कंपनियां डेटा गोपनीयता का दुरुपयोग कर रही हैं। 5जी का अनियमित रोलआउट, और फाइबर-ऑप्टिक कवरेज की कमी, डिजिटल पहुंच को सीमित करती है। मोबाइल इंटरनेट स्पीड (2024) में भारत 25वें स्थान पर था। नीतिगत बदलाव, क्षेत्राधिकारों का ओवरलैप, और स्पेक्ट्रम नीलामी में देरी 5जी रोलआउट और व्यवसायों पर बोझ डालती है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद द्वारा जारी भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था रिपोर्ट, 2025 के अनुसार भारत तीसरी बड़ी वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था है, लेकिन डिजिटल उपयोगकर्त्ता व्यय में हमारा स्थान 28वां है, जो प्रति व्यक्ति डिजिटेक उपयोग में अंतराल को दर्शाता है। भारत एआई (कृत्रिम मेधा) अनुसंधान में 11वें और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 16वें स्थान पर है। डिजिटल मिशन की सफलता के लिए सरकार को डिजिटल डिवाइड को कम करने, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, ई कचरा का निपटान करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के साथ डिजिटल सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## यूनेस्को रिपोर्ट

मनोज कुमार अग्रवाल



# दुनिया में शिक्षा से वंचित 27 करोड़ बच्चे, सरकारें दें ध्यान

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को की वैश्विक धरातल पर ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चे दुनियाभर में शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ताजनक हालात को बयान करती है। एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल हैं और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की आशंका है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं। 2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा। वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफा हुआ है। वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। यूनेस्को की रिपोर्ट हर साल शिक्षा की स्थिति पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिसमें शिक्षा में असमानता, शिक्षा तक पहुंच, गुणवत्ता और समावेशिता जैसे मुद्दे शामिल हैं। 2024 की रिपोर्ट में, लगभग दस वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाली आबादी में केवल 1% की कमी आई है और शिक्षा में लगातार कम निवेश, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में, इसका एक मुख्य कारण है। यूनेस्को के अनुसार 2025 तक, 75 मिलियन बच्चों के और स्कूल जाने से वंचित होने की आशंका है। भारत की स्थिति भी शिक्षा के मामले में विशेष बेहतर नहीं है। बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों का भारी अभाव लगातार हमारी शिक्षा तंत्र को ढलान पर ला रहे हैं। विश्वभर में शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



नीति आयोग

डॉ. अश्वनी महाजन

# जीएम कृषि उत्पाद की पैरवी ठीक नहीं

**नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है। भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है।**

कुछ दिन पहले नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। यह भी राय दी गई है कि सरकार इस समझौते में उन कृषि उत्पादों के आयात को भी खोलने का प्रस्ताव करे जिन्हें भारत में या तो पैदा नहीं किया जाता है या उनका उत्पादन इतना कम है कि उनके आयात से किसानों पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पादन, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता आदि का उदाहरण दिया गया है, जिनके आयात को नीति आयोग ने खोलने की सिफारिश की है।

इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है और इस संबंध में नीति आयोग की पुरजोर निंदा भी की गई है। यह कहा गया है कि ये सुझाव किसानों के हितों के प्रतिकूल हैं। भारतीय किसान संघ ने कहा है कि ये सुझाव देश और किसान हितों के खिलाफ हैं। नीति आयोग का अमेरिका के सामने घुटने टेकना अच्छा संकेत नहीं है। दूसरी ओर यह भी खबर है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में अवरोध आ गया है क्योंकि सरकार अमेरिका की इस मांग की कि भारत, अमेरिका के जीएम कृषि उत्पादों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोले, को मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में नीति आयोग का यह वर्किंग पेपर सरकार की स्थिति को समझ नहीं पा रहा है।

इसका यह भी मतलब हो सकता है कि नीति आयोग सरकार की जीएम विरोधी स्थिति को बदलने हेतु प्रयास कर रहा है। यह दोनों ही स्थितियां देश के लिए शुभ नहीं हैं। यह पहला अवसर नहीं है कि जब नीति आयोग ने जीएम फसलों की पैरवी की है। इससे पहले प्रो. अरविंद पनगरिया की अध्यक्षता में भी नीति आयोग ने जीएम फसलों के पक्ष में रिपोर्ट जारी की थी। उस समय भी इसका पुरजोर विरोध हुआ था । देश में लंबे समय से जीएम फसलों का विरोध चल रहा है। जीएम के पक्षधरों द्वारा लगातार जीएम के पक्ष में प्रयास किए जाते रहे हैं। लेकिन जीएम के पुरजोर विरोध और ठोस तर्कों के चलते, जीएम समर्थकों को सफलता हाथ नहीं लगी। इनके विरोध के कई कारण हैं- पहला कारण तो यह है कि अधिकांश जीएम फसलें शाकनाशक रोधी यानी हर्बिसाइड टोलरेंट हैं। यानी जब यह फसलें उगाई जाती हैं, तो उसके आसपास के जितने भी शाक हैं ,वे सभी शाकनाशकों द्वारा नष्ट किये जा सकते हैं और जीएम फसलों पर असर नहीं पड़ता। ऐसे वैज्ञानिक तथ्य मौजूद हैं जो यह साबित करते हैं कि यह शाकनाशक, कैंसरकारी यानी 'कोर्सोनेजेनिक' है। गौरतलब है कि जब इन शाकनाशकों का उपयोग जीएम फसलों के उत्पादन के दौरान किया जाता है तो उसके कुछ अवशेष अवश्य उन कृषि उत्पादों में रह जाते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में प्रति लाख जनसंख्या पर 350 कैंसर के मरीज हैं जबकि भारत में यह आंकड़ा 100 प्रति लाख का है। इसका एक कारण जीएम फसलों में इस्तेमाल किए जाने वाले




शाकनाशकों का अधिक उपयोग भी है। हालांकि भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते अमेरिका और अन्य देशों से खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है। यह बात भारत सरकार ने पहले भी स्वीकार की है। इसके कारण भारत में कैंसर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। 2000 में जहां मात्र 8 लाख कैंसर मरीज थे, वर्ष 2024 तक उनकी संख्या 15 लाख तक पहुंच चुकी है। जीएम खाद्य तेलों का सेवन भी एक कारण हो सकता है।

जीएम फसलों के आयात के विरोध का दूसरा कारण यह है कि वर्तमान में भारत के नियमों के अनुसार देश में जीएम फसलों के उत्पादन और आयात की अनुमति नहीं है। डब्ल्यूटीओ नियमों के अधीन हर देश को यह अधिकार है कि वह अपने देशवासियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर अन्य देशों से आने वाले सामान पर रोक लगा सके। ऐसा संभव है कि अमेरिका से आने वाले जीएम उत्पादों को देश में आने से रोका जा सके। चूंकि भारत के किसान पहले से ही अपनी उपज के सही मूल्य न पाने के कारण आर्थिक रूप से नुकसान उठा रहे हैं, यदि अमेरिका से सस्ते जीएम उत्पादों को आने की अनुमति दे दी जाती है तो हमारे किसानों को और अधिक नुकसान होगा। ऐसे में किसान यदि कृषि से बाहर होते हैं तो देश की खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ सकती है। तीसरे, भारत के फूड सिक्योरिटी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा बनाए गए खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत जीएम उत्पादों की बिक्री संभव नहीं है। ऐसे में देश में जीएम उत्पादों के आयात के बाद वे भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल हो जाएंगे, जिससे देश के नियमों का तो उल्लंघन होगा ही, देशवासियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा। एक चौथा कारण, जो देश में जीएम उत्पादों के आयात के विरोध में जाता है, वो यह है कि जिन जीएम उत्पादों के आयात को खोलने हेतु नीति आयोग ने सिफारिश की है, वो अमेरिका में वास्तव में मनुष्य द्वारा उपभोग नहीं किए जाते। अमेरिका में मक्का और सोया का उपयोग अधिकांशतः जानवरों के चारे के रूप में किया जाता है या एथनॉल बनाने में। ऐसे जीएम उत्पादों का भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल होना देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए ही हानिकारक नहीं है बल्कि यह देशवासियों का अपमान भी है। वैसे तो नीति आयोग में बैठे लोगों द्वारा जीएम उत्पादों की लगातार वकालत की ही जाती है, लेकिन देश में किसानों और प्रबुद्ध वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे विरोध के कारण और न्यायालयों द्वारा इस बाबत अनुमति न मिलने के कारण वे सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में नीति आयोग द्वारा इस प्रकार की सिफारिशें उनकी किसानों के प्रति प्रतिबद्धता, देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की खाद्य सुरक्षा के प्रति उदासीनता की परिचायक हैं।

इसके अलावा, हमें यह भी समझना होगा कि भारत लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि खाद्य उत्पादों का निर्यात करता है और भारतीय खाद्य पदार्थों का मुख्य आकर्षण यह है कि वे गैर-जीएम टैग वाले होते हैं। जैसे ही जीएम हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, हम अपने निर्यात बाजारों का एक बड़ा हिस्सा खो सकते हैं, क्योंकि मध्य पूर्व के देश और यूरोपीय और कई अन्य देश जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं देते हैं। शायद, नीति आयोग द्वारा भारत में जीएम आयात और उत्पादन से जुड़े इस महत्वपूर्ण जोखिम को नहीं रखा गया है। भारत सरकार को नीति आयोग की इन सिफारिशों को दरकिनार करते हुए, अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में इसे एक तर्क के नाते, देश के किसानों, डेयरी, खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की रक्षा करते हुए, व्यापार युद्ध में एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहिए।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित

दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है, जिसने जन्म लेकर भगवान के दिए हुए इस शरीर का सदुपयोग कर लिया। यह मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से मिला है।

# मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित

प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्यों प्यासी है भारत की धरती

भारत दुनिया की 18 फीसदी आबादी और मात्र 4 फीसदी ताजे जल संसाधनों के साथ गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। भूजल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, असंतुलित खेती और जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं। सरकारी योजनाओं और नीतियों के बावजूद कार्यान्वयन और जनभागीदारी की कमी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, जल की कीमत तय करना और पुनर्चक्रण को अनिवार्य बनाना समय की मांग है। जब तक नीति, व्यवहार और चेतना एक साथ नहीं बदलते, तब तक जल संकट भारत के भविष्य को चुनौती देता रहेगा। जल का संकट ऐसी विडंबना बन चुका है, जो हमारी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों पर सवाल उठाता है।

*– शरद सक्सेना, धमतरी*

## ट्रेंड

### सहकारी संघवाद



जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### क्वांटम प्रौद्योगिकी



1995 में, मैंने युवाओं को सशक्त बनाने और राज्य के विकास के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए नौकरियों का सृजन करने के लिए आंध्र प्रदेश में आईटी क्रांति का नेतृत्व किया था। आज, 2025 में, मैं क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए भी यही प्रतिबद्धता दिखा रहा हूँ।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### जीएसटी में सुधार नहीं



आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### हिंदी का विरोध



मैं तो समझता था हिंदी का विरोध सिर्फ साउथ में होता है। मुझे नहीं पता था कि महाराष्ट्र में भी इसका विरोध हो सकता है। कोई बताएगा इन्हें कि हम एक राष्ट्र में जी रहे हैं। एक राज्य में नहीं।

**-मुकेश खन्ना, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन की 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' सेवा होगी समाप्त

बकिंघम पैलेस ने कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है तथा अधिक उन्नत रेल प्रणालियों के लिए इसमें महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है और इसे किसी भी व्यावसायिक इंजन से जोड़ा जा सकता है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था। शाही महल के वित्तीय मामलों के प्रभारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, 'भविष्य की ओर बढ़ते हुए हमें अतीत से बंधे नहीं रहना चाहिए। जिस तरह शाही परिवार के अन्य कामकाज आधुनिक हुए हैं, उसी तरह अब समय आ गया है कि हम इस परंपरा को सम्मानपूर्वक विदाई दें।' इस निर्णय की घोषणा शाही खर्चों पर पैलेस के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गयी। शाही परिवार को लगातार चौथे वर्ष 11.8 करोड़ डॉलर का सार्वजनिक वित्त पोषण प्राप्त होगा, जिसमें मार्च 2026 तक 12 महीनों में बकिंघम पैलेस की मरम्मत के लिए 4.38 करोड़ डॉलर शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# एचआईवी का इलाज उपलब्ध फिर भी उपचार की खोज?

एचआईवी के इलाज और रोकथाम के लिए बीते तीन दशक में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और आधुनिक दवाओं की मदद से एचआईवी अब एक ऐसा संक्रमण बन चुका है जिसका इलाज हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई एचआईवी संक्रमित व्यक्ति समय पर और नियमित रूप से एंटीरेट्रोवायरल दवाएं लेता है, तो उसकी जीवन प्रत्याशा लगभग सामान्य होती है। साथ ही ये दवाएं संक्रमण को दूसरे व्यक्तियों तक फैलने से भी रोकती हैं। हालांकि, एचआईवी का कोई प्रभावी टीका अब तक विकसित नहीं हुआ है। लेकिन उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए संक्रमण से बचाव के लिए प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीआरईपी) नामक प्रभावी दवाएं उपलब्ध हैं, जो रोजाना या जरूरत के अनुसार ली जा सकती हैं। हाल ही में अमेरिका में छह महीने तक सुरक्षा देने वाला इंजेक्शन भी स्वीकृत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचआईवी की दवाएं और पीआरईपी तभी कारगर हैं जब उनकी सतत आपूर्ति बनी रहे। लेकिन विश्व के कई हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमाएं, दवाओं की महंगी कीमत और राजनीतिक अस्थिरता इन उपायों को फलीभूत होने की बात तो दूर, उन्हें कमजोर बना देती है।




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पहाड़ में बादलों की दहाड़

# मंडी में 13 घंटे में 11 बार बादल फटे, 4 की मौत व 18 लापता

*हिमाचल प्रदेश में 11 दिनों में 50 के करीब लोगों की मौत। 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीरपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया*

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से खासा नुकसान हुआ है। आपदा प्रबंधन ने बीते 13 घंटे में हुए नुकसान की रिपोर्ट जारी की है। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है, जबकि 18 लोग लापता हैं और 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया ह। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीरपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। वहीं, फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। मंडी जिले के अलावा, चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया है।



### सुख्खू का दावा-800 करोड़ का प्रारंभिक नुकसान

हमीरपुर दौरे पर गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि बीती रात मंडी जिले में 8 स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिससे प्रदेश को अब तक लगभग 800 करोड़ रुपए का प्रारंभिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी उफान पर है, और नादौन में नदी किनारे एक महिला का शव बरामद हुआ है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगातार नुकसान की सूचनाएं मिल रही हैं। आपदा प्रबंधन ने अब तक 129 करोड़ रुपए के नुकसान की जानकारी दी है। अब तक प्रदेश में मानसून के 11 दिनों में 50 लोगों की मौत हुई, इसमें सड़क हादसे भी शामिल हैं।



### पावर प्रोजेक्ट्स ठप

उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग सुचारू रूप से चालू हैं और लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली में दिन-रात जुटा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान पावर प्रोजेक्ट्स को हुआ है।

### मंडी में कई की गई जान

*मंडी जिले में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। गोहर, बगस्याड, धर्मपुर के कुछ इलाकों में बादल फटने की घटनाए सामने आई हैं। 30 घटों में बरसात ने 2023 की आपदा की याद दिला दी है। अब तक 170 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।*

### बालासोर में बाढ़ की स्थिति गंभीर, कई गांव डूबे

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में मंगलवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और जिले के उत्तरी हिस्सों में लगभग 100 गांवों के लोग जलमग्न सड़कों और खेतों के कारण बेहाल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालिया भारी बारिश और झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण स्वर्णरेखा नदी में आई बाढ़ की वजह से भोगराई, बलियापाल, जलेश्वर और बस्ता प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं।

### देश के कई राज्यों में अलर्ट

*नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। गुजरात में यलो अलर्ट है। यहां पर अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, अरावली, बनासकांठा, भरूच, भावनगर, बोतड, छोटा उदयपुर, दाहोद, डांग, देवभूमि द्वारका, गांधीनगर भारी बारिश की आशंका है। यहां के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मानसा, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पठानकोट, पटियाला, अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर में पूरे दिन बरसात होने के आसार हैं इसलिए अलर्ट जारी किया गया है। कानपुर, आगरा, हमीरपुर, चित्रकूट, जालौन, जौनपुर, महोबा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, वाराणसी, गाजीपुर, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, नोएडा, मथुरा में बारिश की आशंका व्यक्त की गई है और चेतावनी जारी की गई है।*

## खबर संक्षेप

### हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध पर एफआईआर दर्ज



**शिमला।** पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से ढली थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। भट्टाकुफर में 5 मंजिला भवन के ढहने के बाद सिंह निरीक्षण करने पर पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री सहित अन्य पर अधिकारियों से मारपीट का आरोप है।

### किसी की सिफारिश की जरूरत नहीं: शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के भीतर अंदरूनी कलह की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि कर्नाटक में पार्टी बड़ा बदलाव संभव है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। हम एकजुट हैं। कहा, मुझे अपने किसी भी विधायक से कोई सिफारिश नहीं चाहिए।

### रैगिंग केस में राज्य सरकार 7 लाख रु. दे



**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह कथित रैगिंग के कारण विद्यार्थी की मौत के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा निर्धारित सात लाख का मुआवजा छात्र के परिवार को देने अदालत की रजिस्ट्री में जमा करे। पूकोडे पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र सिद्धार्थन जेएस की मौत के मामले में आदेश दिया है।

### सीएम सरमा पर हमले की कोशिश, फेंकी बोतल



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जब गोलाघाट दौरे पर थे, तभी उनके काफिले पर एक बोतल फेंकी गई। ये घटना राजीव भवन के पास 30 जून को हुई, जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता एक प्रोटेस्ट कर रहे थे। उनका विरोध गोमुखी डेयरी प्रोजेक्ट में गड़बड़ियों को लेकर था, जिसमें 90 गिर नस्ल की गायों की बिक्री को लेकर सवाल उठे हैं।

## कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच फिर जुबानी जंग छिड़ी

# प्रियांक बोले- कांग्रेस आई तो बैन कर देंगे संघ, भाजपा ने कहा-तो फिर माफी मांगेंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच मंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) पर बैन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस सरकार बनती है तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। खरगे ने एक्स पर कहा कि अगर हमारी सरकार केंद्र में सत्ता में आई तो हम आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देंगे। उनके इस बयान ने तीखी बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि अन्ना जब भी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया गया, आप माफी मांगते हुए वापस आए, कानून का पालन करने का वादा किया। सावरकर ने अंग्रेजों से भीख मांगी। आरएसएस ने सरदार पटेल से माफी मांगी और फिर इंदिरा गांधी से भी माफी मांगी। यह शॉर्ट मेमोरी है या एमनेसिया? मेरा विश्वास करो, जिस दिन लोग मुझे पर्याप्त शक्ति मिलेगी। मैं आरएसएस की जहरीली, राष्ट्र-विरोधी मशीनरी को नष्ट करने के लिए हर संवैधानिक टूल का उपयोग करूंगा। आरएसएस में कभी भी लोगों का सीधे सामना करने का साहस नहीं रहा. यह पर्दे के पीछे छिपकर काम करता है, संस्थानों को संक्रमित करता है, युवाओं को कट्टरपंथी बनाता है और नफरत को आउटसोर्स करता है। यह छाया में पनपता है।



### संघ गणतंत्र को खा रहा

उन्होंने कहा कि यह हमेशा एक कायर, राष्ट्र-विरोधी ताकत थी है और हमेशा रहेगी, एक परजीवी जो उसी गणतंत्र को खा रहा है जिसकी सेवा करने का यह दावा करता है। मुझे पता है कि आप परेशान होंगे कि मैंने आरएसएस को राष्ट्र-विरोधी कहा। कृपया खुद ही फैसला करें। बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि हिंदू धर्म फासीवादी और/या नाजी विचारधारा के समान ही एक राजनीतिक विचारधारा है और पूरी तरह से लोकतंत्र विरोधी है।

### ये संविधान की भावना को बदलना चाह रहे

आरएसएस पर संविधान की मूल भावना को बदलने का आरोप लगाते हुए प्रियांक ने कहा कि वो संविधान की मूल भावना को बदलना चाहते हैं। वो बार-बार ऐसे नैरेटिव को आगे बढ़ाते हैं जो संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं। आरएसएस ने संविधान को लेकर हमेशा सहमति नहीं दिखाई। यहां तक कि संविधान सभा की कार्यवाही के दौरान भी उनके विचारों में असहमति दिखी थी। उन्होंने संविधान को जला दिया।

### होसबाले के भाषण का भी किया जिक्र



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की टिप्पणी पर कहा कि यह बात बिल्कुल साफ है कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने अपने आखिरी भाषण में बताया था कि असली राष्ट्र-विरोधी वही होते हैं जो जाति के आधार पर समाज में नफरत और दुश्मनी फैलाते हैं। जो लोग देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की में रुकावट डालते हैं, वही लोग राष्ट्र के विरोधी हैं। समाज में सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले लोग राष्ट्र-विरोधी होते हैं।

### अशोक का पलटवार

### जवाबदेही की कमी में कुछ भी बोल रहे, किसने बार-बार माफी मांगी?



*प्रियांक खरगे के बयान पर भाजपा नेता आर अशोक ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के खिलाफ आपका तीखा हमला, माफी मांगने और वापस आने की घिसी-पिटी बयानबाजी को दोहराता है, जो आपकी अपनी पार्टी के आश्चर्यजनक पाखंड को उजागर करता है। आप साहस और जवाबदेही की कमी के रूप में जो कुछ भी समझते हैं, उसके खिलाफ बोलते हैं, फिर भी अपने ही नेता राहुल गांधी की लगातार माफी के बारे में गहन और चुनिंदा भूलने की बीमारी से पीड़ित लगते हैं। वास्तव में कौन बार-बार इस देश की सर्वोच्च अदालतों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए माफी मांगने के लिए मजबूर हुआ है? क्या यह राहुल नहीं हैं जिन्होंने 'चौकीदार चोर है' को गलत तरीके से अदालत के नाम से जोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट में 'बिना शर्त माफी' प्रस्तुत की? उन्होंने सिर्फ माफी नहीं मांगी, उन्हें उसी संस्था ने चेतावनी दी थी जिसे वे बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे।*

### प्रियांक ने नई बहस को दिया जन्म

कांग्रेस के सीनियर लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आरएसएस और भाजपा पर संविधान को न मानने और देश को बांटने का आरोप कई बार लगा चुके हैं. ।वे लगातार आरएसएस की आलोचना करते नजर आए हैं। देश में एक तरफ संविधान बनाम मनुस्मृति की बहस के बीच प्रियांक ने देश में नई बहस शुरू कर दी। प्रियांक ने आरएसएस पर देशभर में प्रतिबंध लगाने की बात कहकर एक नई बहस खड़ी कर दी है।

### आरएसएस और देश के प्रति उनके योगदान पर बहस को तैयार

आरएसएस और देश के प्रति उनके योगदान पर कभी भी, कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हैं। चूंकि आप दृढ़ विश्वास की बात कर रहे हैं, तो इसे साबित क्यों नहीं करते? अपने सभी शीर्ष भाजपा नेताओं के बच्चों की शाखाओं में गर्व से आरएसएस की वर्दी पहने हुए तस्वीरें पोस्ट करें। देश को भाजपा नेताओं का आरएसएस के प्रति दृढ़ विश्वास देखने दें।

## भाटिया बोले- तेजस्वी कैसे वक्फ कानून को असंवैधानिक कह सकते हैं?

# तेजस्वी पर किया कटाक्ष, राजद नेता को समाजवादी नहीं 'नमाजवादी' बताया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि वे समाजवादी नहीं नमाजवादी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यादव और महागठबंधन की पिछड़ा विरोधी, बाबा साहब अंबेडकर विरोधी, संविधान विरोधी और शरिया कानून लागू करने वाली मानसिकता की जमकर आलोचना की। भाटिया ने कहा कि आरजेडी, कांग्रेस और घमंडिया महाठगबंधन की प्राथमिकता शरिया कानून, बहुविवाह और हलाला जैसे प्रावधान को लागू कराना और केवल एक धर्म विशेष का सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'जनकल्याण' और 'विकसित भारत' की नीतियों और योजनाओं को कार्यान्वित करने के साथ ही दलित, पिछड़ा, महिलाएं और युवाओं को सशक्त कर रहे हैं, तो तेजस्वी उसके विरोध में लगे हैं।

भाटिया ने कहा कि बिहार में स्वयं को समाजवादी कहते हैं, उनका असली चेहरा 'नमाजवादी' का है। ये बाबा साहब के संविधान को न तो स्वीकार करते हैं, न उसका सम्मान करते हैं। इनकी प्राथमिकता शरिया कानून, हलाला जैसे प्रावधान को लागू कराना और केवल एक धर्म विशेष का सशक्तिकरण है। भाटिया ने कहा संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून को तेजस्वी ने 'कूड़ेदान में डालने' की बात कही, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। तेजस्वी उत्तर दें कि क्या कोई प्रदेश सरकार संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डाल सकती है? ये मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और अंतरिम आदेश सुरक्षित रखा गया है। फिर तेजस्वी यह कैसे कह सकते हैं कि कानून असंवैधानिक है? क्या ये न्यायालय की अवमानना नहीं है? क्या तेजस्वी न्यायपालिका से ऊपर हो गए हैं? भाटिया ने कहा कि जंगलराज क्या होता है? इसका चेहरा लालू और तेजस्वी जैसा होता है, जहां संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। चुनाव की घोषणा भले ही न हुई हो, लेकिन आरजेडी, तेजस्वी और लालू की नीयत साफ है कि वे सिर्फ सांप्रदायिक राजनीति ही करेंगे। भाजपा विधान की बात करती है तो वो शरिया की बात करते हैं। उनका काम ध्रुवीकरण करके हिंदू-मुस्लिम करना और सांप्रदायिकता फैलाना है। तेजस्वी को जवाव देना होगा कि क्या वे उस मंच पर थे जहां रोजगार, विकास या कानून व्यवस्था पर चर्चा हो रही थी, या नहीं? सच्चाई यह है कि तेजस्वी उस मंच पर थे जहां शरिया कानून लागू करने और संसद से पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात हो रही थी।

भाटिया ने कहा कि बिहार और भारत की जनता यह सुनिश्चित करेगी कि जो बाबा साहब के संविधान का अपमान कर रहे हैं, उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। 'महा ठगबंधन' की सोच ही संविधान विरोधी, लोकतंत्र विरोधी और बाबा साहब अंबेडकर विरोधी है। लोगों के मन में यह सवाल है, लोकतंत्र में किसी को भी यह हिम्मत कैसे हुई कि वो मंच से शरिया की बात करें? यह कोई पहली बार नहीं है, कुछ दिन पहले एक तस्वीर सामने आई जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लालू के पैरों के सामने रखी गई थी और लालू ऐसा करने से अपने समर्थकों को रोक भी नहीं रहे थे। आज तक देश की जनता से माफी नहीं मांगी है। लोकसभा चुनावों के दौरान भी ऐसी तस्वीरें सामने आईं थी, राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक में बाबा साहब की तस्वीर नीचे पड़ी थी। ये महज एक तस्वीर नहीं थी, बल्कि भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की सोच है। भाटिया ने कहा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणापत्र को घमंडिया गठबंधन के सभी दलों ने स्वीकार किया।

# कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ चुनाव आयोग से मिलने का मांगा था समय, पुष्टि न होने से बैठक रद्द

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंसेंटिव रिविजन) को लेकर इंडिया ब्लॉक और भारत निर्वाचन आयोग के बीच प्रस्तावित बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को दी। यह बैठक 2 जुलाई को शाम 5 बजे निर्धारित थी, लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से पुष्टि न मिलने के कारण इसे रद्द कर दिया गया।

आयोग के एक सूत्र के अनुसार, 30 जून को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कानूनी सलाहकार से एक ईमेल प्राप्त हुआ था, जिसमें उन्होंने बिहार के वोटर लिस्ट पुनरीक्षण संबंध में 2 जुलाई को तत्काल बैठक का अनुरोध किया था। यह अनुरोध कई राजनीतिक दलों की ओर से एक बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडल के प्रतिनिधि के रूप में किया गया था। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इस बैठक के लिए संबंधित राजनीतिक दलों से पुष्टि मांगी थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का उद्देश्य

बिहार में नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता की पात्रता की जांच करना है। इसके लिए राज्य में 77,895 बूथ लेवल ऑफिसर के मौजूदा बल में 20,603 अतिरिक्त नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों को वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, बीमार, आर्थिक रूप से कमजोर और अन्य कमजोर समूहों के वास्तविक मतदाताओं की सहायता के लिए शामिल किया गया है।

### क्यों उठा विवाद?

बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण की घोषणा ने कुछ राजनीतिक दलों, विशेष रूप से विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक, के बीच चिंता पैदा की है। विपक्ष का दावा है कि इतने कम समय में मतदाता सूची का पुनरीक्षण संदेहास्पद है और इससे अल्पसंख्यकों और गरीबों को मतदाता सूची से हटाने का खतरा है। विपक्षी दलों का मानना है कि बिहार जैसे गरीब राज्य में, जहां लाखों लोग बाहर काम करते हैं, मतदाताओं से पात्रता साबित करने के लिए नए दस्तावेज मांगना बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करने का कारण बन सकता है। यही वजह है कि विपक्ष ने पूरी प्रक्रिया को तत्काल रोकने और इसकी वैधता व कार्यप्रणाली पर पूरी तरह से स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में हटाए गए या जोड़े गए नामों की स्वतंत्र ऑडिट की मांग भी उठ रही है।

### 2003 की मतदाता सूची का उपयोग

चुनाव आयोग ने बिहार की 2003 की मतदाता सूची, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है, को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है ताकि पूरी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, लगभग 60 फीसदी मतदाताओं को कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे 2003 की मतदाता सूची से अपने विवरण की पुष्टि कर सकते हैं और भरा हुआ गणना फॉर्म जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में बीएलओ और मतदाताओं दोनों को सुविधा होगी।

# कांग्रेस ने सेल कंपनी में घोटाले को लेकर मोदी सरकार को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में हुए घोटाले को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए 'अमृत काल' को कथित भ्रष्टाचार, विफलताओं और अलोकतांत्रिक प्रथाओं का पर्याय बताया है। पार्टी ने सैकड़ों करोड़ के सेल घोटाले का पर्दाफाश करने वाले सेल के जनरल मैनेजर राजीव भाटिया को निलंबित कर जबरन वीआरएस देने पर भी तीखे सवाल उठाए हैं। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए निर्माण क्षेत्र से जुड़ी 100 कंपनियों को 11 लाख टन स्टील रियायती दरों पर बेचा, जिसे इन कंपनियों ने बाद में अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाया।

### जिसने घोटाला खोला उसे ही नाप दिया!

महाघोटाले की परतें खोलने वाले अधिकारी पर ही कार्रवाई करने के एक सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश करते हुए डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सेल में महाप्रबंधक पद पर कार्यरत एक ईमानदार अधिकारी राजीव भाटिया ने दस दिन पुरानी वेंकटेश इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 400-800 करोड़ रु. का घोटाला करने का खुलासा किया था। लेकिन उनकी सराहना करने के बजाय उन्हें बिना किसी कारण के दस महीने तक निलंबित रखा गया। बाद में जानबूझकर उनके कार्य प्रदर्शन को खराब बताते हुए और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए मजबूर किया गया। दूसरी ओर घोटाले की जांच के दौरान निलंबित किए गए दो दर्जन से अधिक अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के बहाने फिर से बहाल कर दिया गया।

### 10 दिन पहले रजिस्टर्ड कंपनी को 750 करोड का ठेका!

डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मात्र दस दिन पहले रजिस्टर्ड इस कंपनी को 750 करोड़ रुपए का ठेका दे दिया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी की निदेशक एकता अग्रवाल ने इस ठेके के तहत प्राप्त स्टील को सीधे बेच दिया और 80-90 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जबकि सेल ने ही दूसरी कंपनी तक परिवहन का खर्च उठाया। उन्होंने आगे बताया कि कंपनी के गठन से पहले ही उसकी सिफारिश एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा चुकी थी, जिसने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को करीब 30 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की 'चंदा दो, धंधा लो' की नीति के तहत एपको कंपनी को हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपए के कई महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित सरकारी अनुबंध दिए गए हैं।

### भाजपा शासित राज्यों की परियोजनाओं पर उठाए सवाल

अमतृ काल की सच्चाइयां उजागर करते हुए डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा शासन में मणिपुर जल कर राख हो रहा है। गरीबों के घरों को तोड़ा जा रहा है और राम मंदिर के नाम पर चंदा इकट्ठा कर घोटाला किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के काफिले की 19 गाड़ियां इसलिए बंद हो गईं, क्योंकि उनमें तेल की जगह पानी डाल दिया गया था। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा विधायक को रास्ता देने के लिए एम्बुलेंस को रोका गया, जिसके कारण एक बेटे को अपनी मां का शव पैदल लेकर जाना पड़ा। वंदे भारत ट्रेन में एक वरिष्ठ नागरिक के साथ भाजपा विधायक ने मारपीट की। उन्होंने भोपाल में बने उस पुल का भी जिक्र किया जो 90 डिग्री के तीव्र मोड़ के साथ बनाया गया है। कांग्रेस नेता ने मुंबई लोकल ट्रेन में होने वाली मौतों पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में मुंबई लोकल लाइन पर 29,000 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से 15,000 शवों की पहचान भी नहीं हो पाई है। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को टिकट दिए जाने और कुलदीप सेंगर जैसे बलात्कार के आरोपी को संरक्षण मिलने का उल्लेख करते हुए अमृत काल पर सवाल उठाए। डॉ. अजय कुमार ने भारत के पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते संबंधों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार है जब बांग्लादेश और नेपाल जैसे देश भी भारत को आंखें दिखा रहे हैं।

### 25 में से 23 हुए भाजपाई तो ईडी सकपकाई

कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार के अमृत काल पर तंज कसते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ईडी ने विपक्ष के 25 नेताओं पर छापेमारी की थी, लेकिन जैसे ही इनमें से 23 नेता भाजपा में शामिल हुए, उनके खिलाफ मामले या तो बंद कर दिए गए या ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। इस संदर्भ में उन्होंने हिमंत बिस्वा सरमा, प्रफुल्ल पटेल और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का उदाहरण दिया।

**भारतीय रेल**

**'सार्वजनिक अधिसूचना'**

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खंड | तारीख |
|---|---|
| वॉशिंग लाइन नंबर 8 नई दिल्ली यार्ड में। | 10.07.2025 |

दिनांक: 01.07.2025

(मनीष प्रताप सिंह)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

1986/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री जशबीर S/o श्री ईश्वर सिंह पता: वीपीओ रोहना जिला: सोनीपत हरियाणा ने एफआईआर संख्या 177/17 धारा 279/337/338 भा.द.स. एवं 3/181, 185 एंड 146/196 एमवी एक्ट के तहत** थाना: कंझावला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री जशबीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री जशबीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 177/17 धारा 279/337/338 भा.द.स. एवं 3/ 181, 185 एंड 146/196 एमवी एक्ट के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त श्री जशबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(उत्तरी वेस्ट) कोर्ट नं.113, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/8408/RD/2025

## खबर संक्षेप

### जूम कार ने गुणवत्ता के लिए कार्स24 से किया करार

**नई दिल्ली।** जूम कार होल्डिंग्स ने मंगलवार को तकनीक आधारित निरीक्षण और निगरानी के जरिये 'सेल्फ-ड्राइव' कार खंड में वाहन की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्स24 के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की कंपनी ने बयान में कहा कि इस सहयोग के तहत, कार्स24 नए वाहनों की आपूर्ति से पहले निरीक्षण (पीडीआई) करेगी। गाड़ी में पारदर्शिता, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस निगरानी उपकरण लगाए जाएंगे। पायलट कार्यक्रम के तहत शुरू में दिल्ली में वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### ग्लोब सिविल का शेयर 28% उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सिविल निर्माण एवं बुनियादी ढांचा विकास कंपनी ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 71 रुपये से 28 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 91.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 28.30 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर कंपनी के शेयर ने अपने निर्गम मूल्य से 26.76 प्रतिशत चढ़कर 90 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 543.44 करोड़ रुपये रहा। ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बृहस्पतिवार तक 86 गुना अभिदान मिला था।

### एलेनबेरी गैसेज का निर्गम 23 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 400 रुपये से 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य से 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 492 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 35.3 प्रतिशत चढ़कर 541.20 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 21.5 प्रतिशत चढ़कर 486 रुपये पर शुरुआत की।

#### एक साल पहले इसी महीने 1,73,813 करोड़ रुपए था

# मई के मुकाबले जून में गिरा जीएसटी कलेक्शन सरकार को 1.84 लाख करोड़ रुपए की कमाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

- सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़ा

जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा।

**खास बातें**

- जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा
- अप्रैल में जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 2.37 फीसदी के उच्च स्तर पर रहा




### जून में कुल रिफंड 28.4 फीसदी बढ़ा

सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, जून में कुल 'रिफंड' 28.4 प्रतिशत बढ़कर 25,491 करोड़ रुपये हो गया।

### जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 फीसदी की कमी

शुद्ध जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये रहा। बीडीओ इंडिया के अप्रत्यक्ष कर भागीदार कार्तिक मणि ने कहा कि मासिक आधार पर आंकड़ों को देखें तो इस साल जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 प्रतिशत की कमी आई है। इस दौरान घरेलू बाजार और आयात से संग्रह में गिरावट हुई।

### सालाना आधार पर धीमी वृद्धि

मणि ने कहा कि जीएसटी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ पर उम्मीद है कि सालाना आधार पर संग्रह में इतनी धीमी वृद्धि महज एक अपवाद है और आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रह सामान्य वृद्धि की राह पर लौट आएगा।

### महाराष्ट्र, बंगाल के संग्रह में वृद्धि

समीक्षाधीन महीने में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 4-8 प्रतिशत के बीच वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात जैसे अन्य राज्यों ने 1-4 प्रतिशत के बीच गिरावट की सूचना दी है। हरियाणा, बिहार और झारखंड जैसे कुछ राज्यों ने 10 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर्ज की।

### भारत अच्छी स्थिति में है

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी के भागीदार विवेक जालान के अनुसार, लगातार दो महीनों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी राजस्व और दोहरे अंक की वृद्धि के बाद, जून 2025 में 1.85 लाख करोड़ रुपये का संग्रह थोड़ा कम लगता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में इस साल अभी तक 11.8 प्रतिशत की वृद्धि से लगता है कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत अच्छी स्थिति में है।

### बारूद व बम बनाकर उद्योग जगत में नुवाल ने मचाई हलचल, अंबानी व अदाणी रहे पीछे

**नई दिल्ली।** इस साल की पहली छमाही में एक उद्योगपति ने कमाई के मामले में भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी को भी पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक जगत में पिछले छह महीने के दौरान भले ही जबरदस्त उथल पुथल रही हो, लेकिन इनकी नेटवर्थ में 78 फीसदी का जबरदस्त इजाफा हुआ है। ये अरबपति हैं सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक और प्रसिडेंट सत्यनारायण नुवाल। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक इनकी संपत्ति में सिर्फ इस साल की छमाही के दौरान ही 78 फीसदी के इजाफे के बाद कुल संपत्ति अब 7.90 बिलियन डॉलर हो गई है। सबसे खास बात ये है कि इनकी कंपनी डेटोनेटर, एक्सप्लोसिव और एम्यूनिशन बनती है और इसका हेडक्वार्टर नागपुर में स्थित है। सोलर इंडस्ट्रीज के शेयर में जहां 2024 में पैतालीस प्रतिशत तो वहीं दो साल पहले 2023 में चौवन प्रतिशत का इजाफा हुआ था। इस साल कंपनी के शेयर में करीब 81 प्रतिशत की तगड़ी उछाल देखी जा रही है। वर्तमान में कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंस में 17,200 रुपए के मूल्य पर ट्रेड कर रहा है। राजस्थान के भीलवाड़ा में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे सत्यनारायण नुवाल ने सिर्फ दसवीं तक पढ़ाई की है। 10वीं से आगे वो पढ़ाई नहीं कर पाए। पिता पटवारी थे और 1971 में उनके रिटायर होने के बाद परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष करने लगे। नुवाल के दादा छोटी सी परचून की दुकान चलाते थे, स्कूल के बाद वह अपने दादा की मदद किया करते थे।

#### महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री में 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

## जून में मारुति, हुंडई, टाटा मोटर्स की बिक्री में गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री जून, 2025 में दो अंक में घटी है। इस दौरान टाटा मोटर्स की बिक्री में भी गिरावट आई है। हालांकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सालाना आधार पर बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को बयान में कहा कि डीलर को भेजे गये कुल घरेलू यात्री वाहन पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 1,18,906 इकाई रहे, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1,37,160 इकाई था। कंपनी की कुल बिक्री जून महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 1,67,993 इकाई रही। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा, 'यात्री वाहनों की बिक्री में नरमी का कारण काफी हद तक छोटे आकार की कारों की मांग में भारी गिरावट है। ऐतिहासिक रूप से, यात्री वाहनों की बिक्री जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के 1.5 गुना की दर से बढ़ती थी।

## सोने में 1, 200 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और पीली धातु का भाव 1,200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

- 98,670 रुपए प्रति दस ग्राम पर सोना

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में लगातार सातवें सत्र की गिरावट के बाद तेजी दर्ज की गई और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये चढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, '' अमेरिकी राजकोषीय घाटे में वृद्धि की चिंताओं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित कर-कटौती और व्यय विधेयक पर बाजार के ध्यान के कारण अमेरिकी डॉलर में गिरावट ने सोने को और अधिक आकर्षक बना दिया है।

### 'चांदी में 2000 रुपए का उछाल

इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 44.01 डॉलर या 1.33 प्रतिशत बढ़कर 3,346.92 डॉलर प्रति औंस हो गया।'

### शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 91 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं।

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी के साथ कैंसर उपचार में सटीकता को बढ़ाया



**मुंबई ।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिक्सएक्ट ट्रीटमेंट डिलीवरी सिस्टम के साथ अपनी रेडिएशन थेरपी को अपग्रेड करते हुए अपनी कैंसर उपचार क्षमताओं में लक्षणीय उन्नति हासिल की है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी ऑन्कोलॉजी में हॉस्पिटल की लीडरशिप को मजबूत करती है, कैंसर उपचार में उन्नत सटीकता, सुरक्षा और अनुकूलनशीलता लाते हुए मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार लाया है।रेडिक्सएक्ट ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध व्यापक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मज़बूत किया है। अगली पीढ़ी की बुनियादी सुविधाओं, अंगों के अनुरूप सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क माने जाने वाले प्रोटोकॉल इन सभी का शक्तिशाली मिलाप इस सिस्टम में है। रेडिक्सएक्ट सिस्टम रेडिएशन थेरपी में एक लक्षणीय उन्नति है। स्वस्थ टिश्यू को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए सटीक उपचार देने की क्षमता इसमें है। बिल्ट-इन स्कैनर से लैस, यह सिस्टम पूरे उपचार के दौरान ट्यूमर सही स्थिति में है यह सुनिश्चित करने के लिए रियल-टाइम इमेजिंग देता है। यह सिस्टम बहुउपयोगी है, शरीर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग प्रकार के कैंसर पर उपचार की क्षमता इसमें है। रेडिएशन के हायर डोस सुरक्षित तरीके से देकर, रेडिक्सएक्ट उपचार की सक्षमता को बढ़ता है। इसकी सिंक्रोनी टेक्नोलॉजी शारीरिक हरकतों के अनुकूल रहते हुए, सांस लेते हुए भी सटीकता को बनाए रखती है। यह दृष्टिकोण मरीज़ों को अधिक सुरक्षित और सक्षम उपचार अनुभव प्रदान करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में रेडिक्सएक्ट के लिए पूरक, भारत की एक सबसे बड़ी, प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी टेक्नोलॉजी की असेम्बली है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## केमिकल फैक्ट्री की जांच करने तेलंगाना जाएगी बिहार सरकार की टीम : संतोष सिंह

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत और 16 श्रमिकों के घायल होने के मामले को बिहार सरकार ने गंभीरता से लिया है। बिहार सरकार द्वारा गठित एक जांच दल को जल्द ही तेलंगाना के लिए रवाना किया जाएगा। यह जांच दल उस केमिकल फैक्ट्री की जांच करेगा, जहा हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत हुई है।बिहार के धम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह पहला मौका है जब किसी राज्य की फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में बिहारी श्रमिकों की मौत के बाद बिहार सरकार की जांच टीम मौके पर जाकर घटना की जांच करेगी। इस जांच टीम में विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि हम जांच में यह सुनिश्चित करेंगे कि इस दुर्घटना में फैक्ट्री द्वारा कोई बड़ी लापरवाही तो नहीं की गई है।

## कोल इंडिया और हिंदुस्तान कॉपर द्वारा महत्वपूर्ण खनिज विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अवसरों की संयुक्त रूप से खोज और विकास के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।इस समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया के महाप्रबंधक (बीडी) सी.एस. सिंह और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के महाप्रबंधक (खान) बिनोद कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, निदेशक (विपणन और व्यवसाय विकास) मुकेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।यह सहयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।


### भारत का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल और मई में मामूली बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन मामूली रूप से 0.6 प्रतिशत बढ़कर 5.3 करोड़ टन (एमएमटी) हो गया। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि में लौह अयस्क का उत्पादन 5.27 करोड़ टन था। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट, जिंक कंसंट्रेट और चूना पत्थर का उत्पादन बढ़ा है। अलौह धातु क्षेत्र में, अप्रैल-मई में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़कर 7.07 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.98 लाख टन था।

## राशिफल

- **मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।
- **वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।
- **मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।
- **कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।
- **सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।
- **कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।
- **तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।
- **वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।
- **धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।
- **मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।
- **कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।
- **मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## ऑर्थोग्रिट से संभव है गठिया का उपचार




**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने जोड़ों के दर्द यानि गठिया या जिसे आर्थराइटिस भी कहा जाता है, के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आयुर्वेद आधारित औषधि ऑर्थोग्रिट पर किया गया पतंजलि का यह नवीन शोध एल्सेवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल फार्माकोलॉजिकल रिसर्च रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन दर्शाता है कि ऑर्थोग्रिट गठिया के कारण होने वाली सूजन को कम करने, कार्टिलेज के घिसाव को रोकने तथा जोड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखने में प्रभावशाली है।इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज के समय में शायद ही कोई ऐसा वृद्ध व्यक्ति हो जो घुटनों के दर्द से पीड़ित न हो। वर्तमान चिकित्सा पद्धतियाँ केवल लक्षणों पर कार्य करती हैं, जड़ पर नहीं। आयुर्वेद प्रत्येक रोग के मूल कारण को पहचानकर उसका समाधान प्रस्तुत करता है। ऑर्थोग्रिट इसी आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संगम है, जो गठिया जैसी असाध्य मानी जाने वाली बीमारी को भी मूल रूप से समाप्त करने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि ऑर्थोग्रिट वचा, मोथा, दारूहल्दी, पिप्पलमूल, अश्वगंधा, निर्गुंडी, पुनर्नवा आदि प्राकर्तिक जड़ी - बूटियों से निर्मित है जोकि सनातन संस्कृति में प्राचीनकाल से ही जोड़ो के दर्द, सूजन आदि में लाभकारी पाएं गए है।पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वाष्र्णेय ने इस अवसर पर कहा गठिया एक ऐसी पुरानी बीमारी है जो विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। हमने इस शोध में मानव कार्टिलेज कोशिकाओं की 3 डी स्फेरायड्स और सी एलिगेंस पर अध्ययन किया है।




### दिल्ली में 'चैंपियंस ऑफ आकाश' कार्यक्रम में नीट और जेई एडवांस्ड 2025 के टॉपर्स का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** परीक्षा की तैयारी कराने वाली सेवाओं में देश भर में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने एक बार फिर छात्रों को चुनौतियों से ऊपर उठने और सच्चे समस्या समाधानकर्ता के रूप में उभरने के लिए सशक्त बनाकर अपनी अकादमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। नीट यूजी 2025 परीक्षा पैटर्न और प्रारूप के साथ-साथ **JEE** मेन्स और एडवांस्ड 2025 के कठिनाई स्तर में वृद्धि और बदलाव के बावजूद, देश और राज्य भर के एईएसएल छात्रों ने संस्थान के केंद्रित समस्या-समाधान दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**


भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट प्रणाली** के अंतर्गत **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | हाजीपुर से तलवारा तक नई लाइन के निर्माण के लिए शेष कार्य, जिसमें मिट्टी कार्य, पुल, रिटेनिंग वॉल, आरयूबी/एलएचएस, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म और एनएलडीएम–टीएलआर न्यू बी.जी. रेल लिंक के संबंध में पटियाल से भंगाला के बीच त्रिकोण व्यवस्था सहित अन्य संबद्ध कार्य शामिल हैं। | | |
| अनुमानित/ निदेशात्मक परियोजना लागत | ₹ 359.71 करोड़ | कार्य पूरा करने की अवधि | 24 माह |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | ₹ 1,00,00,000/- | | |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज **11:30** बजे दिनांक **01.07.2025** से **05.08.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। | | |
| बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेवले, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक **10.07.2025** को **11:30** बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। | | |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | **05.08.2025** को **11:30** बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा **22.07.2025** से **05.08.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। | | |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | **11:30** बजे दिनांक **05.08.2025** को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। | | |

सं: 74-डब्लु/1/1/240/डब्लु.ए/डी/जम्मू तवी दिनांक: 01.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1984/2025

## शब्द पहेली - 5915




**बाएँ से दाए-**


1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5914 का हल**





# लियोन की हुंकार...भारत में सीरीज जीते बिना संन्यास नहीं लेने वाला

एजेंसी ▶▶| सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)



आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं । सैतीस वर्ष के ऑफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं । भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। आस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने कहा, ' मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, ' हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है । इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर भी है।'लियोन ने आस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। आस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है, जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा, ' मैंने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे कैरियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं।

## सॉन्ग मास्टर का जिम्मा एलेक्स को सौंपा



*नाथन लायन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में 'सॉन्ग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर एलेक्स कैरी को सौंप दिया है, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बैटर माइकल हसी ने लायन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी।*

## खबर संक्षेप



### नीरज क्लासिक से एंडरसन पीटर्स ने लिया नाम वापस

**बेंगलुरु ।** विश्व चैम्पियनशिप के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी एंडरसन पीटर्स टखने की चोट के कारण मंगलवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक से हट गए, जिससे पांच जुलाई को होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को एक और झटका लगा। ग्रेनेडा के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता था। शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में उनकी जगह पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिग्लोड को शामिल किया गया है। मिर्जिग्लोड 2019 के यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.97 मीटर है जो उन्होंने इसी पर प्रतियोगिता के दौरान हासिल किया था।



### रेलवे को टीम खिताब नीतू-लवलीना को गोल्ड

**हैदराबाद।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां संपन्न एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित नौ पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघास (हरियाणा), ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (टॉप्स) और विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (साई एनसीओई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। साई एनसीओई की संयुक्त टीम ने दो स्वर्ण सहित सात पदक हासिल किए, जबकि टॉप्स कोर एवं डेवलपमेंट टीम ने तीन स्वर्ण पदक जीते। रेलवे के स्वर्ण पदक विजेताओं में बेबीरोजाना चानू (57 किग्रा), प्राची (60 किग्रा) और ज्योति (51 किग्रा) शामिल हैं। ज्योति को रिंग में उतरे बिना ही स्वर्ण पदक मिला क्योंकि तेलंगाना की निकहत जरीन चोट के कारण फाइनल से हट गईं।

### साक्षी, जैस्मीन और लक्ष्य चाहर क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाज साक्षी, लक्ष्य चाहर और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को सर्वसम्मति से 5-0 से हराया। जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनूर मिकायिलोवा को इसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। लक्ष्य ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4-1 से हराया। हालांकि, मनीष राठौर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी बिमल लाकड़ा अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद मंगलवार को रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस 45 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीटीआई को बताया, ''वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से**

# 58 साल का सूखा खत्म करने एजबेस्टन में उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम



भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से खेला जाएगा। इस मैदान पर अब तक भारतीय टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई है। टीम इंडिया ने इस मैदान पर सबसे पहला मैच 1967 में खेला था। 58 साल में यहां किसी भारतीय कप्तान ने जीत हासिल नहीं कर पाई है। हालांकि, शुभमन गिल के पास अपना नाम इतिहास की किताबों में दर्ज कराने का मौका होगा। अगर वह 58 वर्षों का सूखा खत्म करने में कामयाब होते हैं तो बर्मिंघम के एजबेस्टन में जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय कप्तान बनेंगे।

### एजबेस्टन में भारत का इतिहास

भारत ने 1967 में जब पहली बार एजबेस्ट में टेस्ट मैच खेला था तो मंसूर अली खान पटौदी कप्तान रहे थे। तब इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 132 रन से हराया था। इसके बाद 1974 में भारत ने इस मैदान पर दूसरी बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला, तब अजीत वाडेकर कप्तान रहे थे। भारत को उस मुकाबले में भी पारी और 78 रन से हार का सामना करना पड़ा था। फिर 1979 में भारत ने एस. वेंकटराघवन की कप्तानी में तीसरा मुकाबला खेला। उस टेस्ट में इंग्लिश टीम ने भारतीय टीम को पारी और 83 रन से शिकस्त दी थी। 1986 में टीम इंडिया ने एजबेस्टन में कपिल देव की कप्तानी में टेस्ट खेला। यह मैच ड्रॉ रहा था और रिकॉर्ड के हिसाब से कपिल एजबेस्टन में टेस्ट ड्रॉ कराने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। आंकड़ों के हिसाब से वह एजबेस्टन में सबसे सफल भारतीय कप्तान भी हैं। इसके बाद टीम इंडिया 10 साल तक एजबेस्टन के मैदान से दूर रही। फिर 1996 में मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में टीम इंडिया इस मैदान पर टेस्ट मैच खेलने उतरी। उस मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को आठ विकेट से हराया था। 2011 में जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला तो इंग्लैंड ने पारी और 242 रन से जीत दर्ज की। 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला और 31 रन से भारतीय टीम को हार मिली। 2021-22 में भारत के इंग्लैंड दौरे पर चार टेस्ट भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी में खेले, लेकिन पांचवां टेस्ट कोरोना की वजह से स्थगित हो गया था। इसे 2022 में अगस्त में खेला गया था। तब तक कोहली कप्तानी से हट चुके थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने टीम इंडिया की कप्तानी की और भारत यह टेस्ट सात विकेट से हार गया। इस मुकाबले से पहले तक भारत 2-1 से सीरीज में आगे थे। अगर मैच तभी हुआ होता तो कोहली के पास भी इतिहास रचने का मौका था। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका।

## इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिए भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

बर्मिंघम। भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा, जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा, ' रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, ' टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।' बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है । इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं । इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले।



**एशियाई कप क्वालीफायर**

# भारतीय महिला टीम आज इराक को देगी चुनौती



एजेंसी ▶▶| चियांग माइ (थाईलैंड)

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को यहां 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी।

अपने शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा अंदाज में जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी खिलाड़ियों के साथ प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी। तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद छह अंकों और प्लस 17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर प्लस 11 है। इराक पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके चार अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में पांच जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी।

### सकारात्मक सोच के साथ मैदान उतरेगी टीम : छेत्री

भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से तीन अंक हासिल करने पर है। छेत्री ने कहा, 'थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि थाईलैंड या हमने कितने गोल किए हैं या कितने गोल करेंगे। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है।' विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। टीम को हालांकि मेजबान थाईलैंड से 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में भारत से 103 स्थान नीचे काबिज इराक के बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने कहा, 'मैं इराक की टीम को उतना कमजोर नहीं मानता हूं, जितना लोग सोचते होंगे।

**विंबलडन**

# अल्काराज ने मैराथन मुकाबले में फोगनिनी को दी शिकस्त



एएजेंसी ▶▶| लंदन

गत दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विंबलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, ' मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विंबलडन क्यों है, जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं।' फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ' मुझे लगा नहीं था कि उसके खिलाफ मैच पांच सेट में जाएगा । मेरे पास भी मौके थे।' फोगनिनी विंबलडन में 15 बार खेले हैं लेकिन कभी तीसरे दौर से आगे नहीं जा सके। इस साल वह ग्रैंडस्लैम में छह मुकाबले खेले और सभी में पराजय मिली।

### सिनर ने प्रभावशाली जीत से किया विम्बलडन का आगाज

**लंदन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने विम्बलडन में मंगलवार को यहां इटली के हमवतन लुका नारडी के खिलाफ 6-4, 6-3, 6-0 की जीत से अपने अभियान का शानदार आगाज किया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर अपने पहले विंबलडन खिताब की तलाश में हैं। वह 2023 में ऑल इंग्लैंड क्लब में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। सिनर को फ्रेंच ओपन के फाइनल में पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा था। सिनर ने विम्बलडन में शानदार शुरुआत के बाद प्रसारकों से कहा, ''शुरुआती मुकाबले कभी आसान नहीं होते, इसलिए मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह एक नया टूर्नामेंट, नया मौका और नयी चुनौतियां है। एक समय में आप एक प्रतिद्वंद्वी से खेलने के बारे में सोचते है।'' सिनर के सामने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिक की चुनौती होगी।न जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में 'आउट' कह रही है। विंबलडन में तीन बार के विजेता और अब कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे जॉन मैकेनरो ने भी इस बदलाव का स्वागत किया।

**आईसीसी टी20 रैंकिंग**

## स्मृति की टॉप-3 में एंट्री इंग्लैंड के खिलाफ शतक जड़ने का हुआ फायदा

**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी । मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है, जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है।



# यूरोप दौरे के लिए हॉकी टीम की घोषणा, 8 से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित किया गया है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा ,'इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे।'भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम. रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे, जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा, ' यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा ।



### संभावित टीम

**टीम :** गोलकीपर : पवन, मोहित एच शशिकुमार, डिफेंडर : प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), मिडफील्डर : पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह **फॉरवर्ड** : अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह **स्टैंडबाय** : अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

**साल 2002 के बाद से कोई अफ्रीकी नहीं कर पाया यह कारनामा**

# कोर्बिन ने रचा इतिहास, विदेशी सरजमीं में जड़ा शतक, झटके पांच विकेट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोर्बिन बॉश ने साउथ अफ्रीका के लिए मंगलवार को इतिहास रचने का काम किया। जो काम साउथ अफ्रीका के लिए अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कोई नहीं कर पाया था, वो काम कोर्बिन बॉश ने कर दिया। उन्होंने पहले तो मैच में सेंचुरी ठोकी और इसके बाद पांच विकेट भी अपने नाम लिए।

साल 2002 के बाद से अब तक कोई भी साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ये काम नहीं कर पाया था, लेकिन अब कोर्बिन बॉश ने लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है। इस बीच इन सभी प्लेयर्स ने शतक लगाने और पांच विकेट लेने का कारनामा अपने घर पर किया था, लेकिन कोर्बिन बॉश ने विदेशी सरजमीं पर ये काम कर दिया। यानी घर के बाहर ये कारनामा करने वाले कोर्बिन बॉश साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच की दूसरी पारी में कोर्बिन बॉश नंबर आठ पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्होंने 124 बॉल का सामना कर 100 रनों की पारी खेली और आखिर तक आउट भी नहीं हुए। साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी 9 विकेट के नुकसान पर 418 रन बनाकर घोषित कर दी थी। इस दौरान कोर्बिन बॉश ने 10 चौके लगाए। इसके बाद जब वे गेंदबाजी के लिए आए तो पांच विकेट भी अपने नाम कर लिए।

### जिमी सिंक्लेयर ने साल 1899 में पहली बार द. अफ्रीका के लिए रचा था इतिहास

जिमी सिंक्लेयर साउथ अफ्रीका के ऐसे पहले खिलाड़ी थे,जिन्होंने एक ही टेस्ट में शतक लगाया और पांच विकेट भी अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। ये काम जिमी सिंक्लेयर ने साल 1899 में इंग्लैंड के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में किया था। इसके बाद साल 1910 में ऑब्रे फॉल्कनर ने फिर से यही काम इंग्लैंड के खिलाफ किया। इस बार मैदान जोहानसबर्ग का था।



### कैलिस ने दो बार एक ही मैच में लगाया शतक और झटके पांच विकेट

इसके बाद लंबे इंतजार के बाद ये काम जैक कैलिस ने किया था। हालांकि जैक कैलिस साउथ अफ्रीका के लिए ये कमाल दो बार करने वाले खिलाड़ी हैं। पहली बार उन्होंने साल 1999 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने के साथ पांच विकेट लिए और इसके बाद साल 2002 में पोटचेफस्ट्रूम में कारनामा किया था।




अरब सागर में फिर देवदूत बनी भारतीय नौसेना

# विदेशी जहाज में लगी आग बुझाई 14 भारतीयों की जान भी बचाई

*29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है। नौसेना ने समुद्र में संकट की घड़ी में अपनी वीरता और तत्परता का परिचय देते हुए अरब सागर में एक विदेशी तेल जहाज में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री जहाज पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।

**खास बातें**

- 19 नौसेना कर्मियों ने जहाज पर पहुंचकर दमकल ऑपरेशन को दी मजबूती
- ऑपरेशन में सभी लोग सुरक्षित, जहाज पर तापमान की निगरानी की जा रही



**नौसेना की फायरफाइटिंग टीम ने किया कमाल**

मामले में आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय फायर फाइटिंग टीम ने तुरंत जहाज पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों में धुएं को इंजन रूम तक सीमित कर लिया गया। बाद में 13 अतिरिक्त नौसेना कर्मियों (5 अफसर और 8 नाविक) भेजे गए, जिससे दमकल ऑपरेशन को मजबूती मिली। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी को कोई चोट नहीं आई और सभी 14 भारतीय क्रू मेंबर्स को मेडिकल टीम ने जांच कर सुरक्षित घोषित किया। आईएनएस तबर घटना स्थल के पास मौजूद है ताकि जरूरत पड़ने पर और मदद दी जा सके। नौसेना का कहना है कि लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।

**नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी**

*भारतीय नौसेना के इस साहसी और कुशल प्रयासों ने न केवल जहाज को बचाया, बल्कि सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह घटना फिर एक बार यह सिद्ध करती है कि भारतीय नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी है। भारतीय नौसेना न केवल परिचालन रूप से सजग है, बल्कि समुद्री सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानवता के लिए हमेशा तैयार है। यह भारत की 'प्रथम उत्तरदाता' की भूमिका को और मजबूत करता है।*



**आईएनएस तबर ने दिखाई तत्परता**

*भारतीय नौसेना को जैसे ही एसओएस संदेश मिला, युद्धपोत आईएनएस तबर को तुरंत अधिकतम गति से रवाना किया गया। जहाज के पास पहुंचकर, नौसेना ने जहाज के कप्तान से संपर्क स्थापित किया और तत्काल अग्निशमन अभियान शुरू किया और 7 क्रू मेंबर्स को अपने जहाज पर सुरक्षित रूप से निकाल लिया। जबकि शेष क्रू सदस्य और जहाज के कप्तान ने वहीं रहकर आग बुझाने में मदद की। नौसेना के मुताबिक 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी। यह जहाज पलाउ के झंडे के तहत चल रहा था। जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा तट से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में समुद्र में था।*

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टेस्ला के सीईओ पर तंज

ट्रंप ने सब्सिडी मामले में डीओजीई को जांच के निर्देश दिए

# सब्सिडी बंद की तो दुकान बंद कर 'मस्क' को अफ्रीका लौटना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा।

ट्रंप के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे।

ट्रंप ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि डीओजीई इस मामले की विस्तृत जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा। ट्रंप ने कहा कि मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं ईवी मैंडेट के खिलाफ हूं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अच्छी हैं, लेकिन हर इंसान को इन्हें खरीदने के लिए मजबूर करना गलत है। बता दें, मस्क को 20 साल में 31 लाख करोड़ रुपए की सरकारी मदद मिली।



### 'बिग ब्यूटीफुल बिल', ट्रंप का पागलपनः मस्क

दरअसल, एलन मस्क ने शनिवार को ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा था कि ट्रंप का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। यह पूरी तरह पागलपन से भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है। लेकिन भविष्य के उद्योगों को तबाह कर देगा। मस्क ने पिछले महीने इस बिल को लेकर ट्रंप प्रशासन में गवर्नमेंट एफिशिएंसी विभाग (डीओजीइ) के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## भारतीय नौसेना को सौंपा युद्धपोत 'उदयगिरि'



**मुंबई।** आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाते हुए, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि., मुंबई द्वारा प्रोजेक्ट पी17ए नीलगिरि क्लास स्टील्थ फ्रिगेट्स के तहत निर्मित दूसरा युद्धपोत उदयगिरि, मंगलवार, 1 जुलाई 25 को मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। उदयगिरि 100वां जहाज है, जिसे युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और वितरित किया गया है। युद्धपोत 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बनाया गया है और अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। उदयगिरि भारतीय नौसेना की युद्ध तत्परता और भारतीय महासागर क्षेत्र में हमारे समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता को बढ़ावा देगा।

## एयर इंडिया का एक और बड़ा हादसा टला

# 14 जून की घटना, वियना जा रही फ्लाइट 900 फीट नीचे आ गई थी, सुरक्षित उतारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से वियना जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-187 (बोइंग 777) उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद हवा में 900 फीट नीचे गिर गई। यह घटना 14 जून 2025 को सुबह 2:56 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होने के तुरंत बाद हुई। विमान में स्टॉल और ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी चेतावनियां सक्रिय हो गईं, जिसमें 'डू नॉट सिंक' अलर्ट बार-बार बजा। पायलटों ने त्वरित कार्रवाई कर विमान को स्थिर किया और नौ घंटे की उड़ान के बाद यह वियना में सुरक्षित उतरा। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि पायलटों ने घटना की जानकारी तुरंत दी, जिसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया गया। विमान के फ्लाइट डेटा



रिकॉर्डर की जांच शुरू हो गई है और परिणाम आने तक दोनों पायलटों को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया के सुरक्षा प्रमुख को तलब कर रखरखाव और परिचालन खामियों की गहन जांच शुरू की है। 23 जून 2025 को डीजीसीए ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के मुख्यालय पर व्यापक ऑडिट शुरू किया, जिसमें उड़ान संचालन, शेड्यूलिंग, रोस्टरिंग और एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की जांच शामिल हैं।

## भारत में हुए सुधारों पर स्पेन में बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण

# निजी निवेश बढ़ा पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी, वित्तीय प्रवाह जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गईं वित्त मंत्री मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने 'एफएफडी4 परिणाम से कार्यान्वयन तकः सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता को अनलॉक करना' शीर्षक पर अपनी राय रखी।



सीतारमण ने कहा कि हाल के वर्षों में निजी निवेश ने उत्साहजनक वृद्धि दिखाई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। निजी पूंजी निवेश अब भी आवश्यकता से काफी कम है, कम और मध्यम आय वाले देशों को अनुपातहीन रूप से छोटा हिस्सा मिल रहा है। निवेश बाधाओं को दूर करने और विकास प्राथमिकताओं के साथ वित्तीय प्रवाह को बेहतर करने के प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने उभरते बाजारों में कथित निवेश जोखिमों को संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इन चुनौतियों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत ने स्वतंत्र विनियामकों की स्थापना, पारदर्शी बोली प्रक्रियाओं को लागू करने, अनुबंधों को मानकीकृत करने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करके इस चुनौती का समाधान किया है।

## कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ फोन कॉल ऑडियो लीक का मामला

नैतिकता उल्लंघन के आरोप पर जजों ने 7-2 से मतदान किया

# थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा को कोर्ट ने किया सस्पेंड, अब बनाई गईं संस्कृति मंत्री

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की संवैधानिक कोर्ट ने पूर्व कंबोडियाई पीएम हुन सेन के साथ लीक हुई फोन कॉल के मामले की जांच पेंडिंग रहने तक पीएम पैटोंगटार्न शिनावात्रा को पद से सस्पेंड कर दिया है। जजों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से उन पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की और पीएम शिनावात्रा को ड्यूटी से सस्पेंड करने के पक्ष में 7-2 से मतदान किया। शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के लिए बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को एक सैन्य टकराव शामिल था। इस संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीमा विवाद पर कूटनीति में लगे रहने के दौरान लीक हुए फोन कॉल ने शिनावात्रा के खिलाफ शिकायतों और सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों की झड़ी लगा दी।



**कैबिनेट में हुआ फेरबदल**

*कैबिनेट की फेरबदल में पूर्व डिप्टी पीएम अनुतिन चारविरकुल को पद से हटाया गया, जो भूमजैथई पार्टी के नेता थे, जिन्होंने फोन कॉल लीक के बाद सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अनुतिन की जगह फुमथम वेचायाचाई की नियुक्ति की गई है, जो पहले रक्षा मंत्री थे और अब उन्हें गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। रक्षा मंत्री का पद खाली छोड़ दिया गया और उप मंत्री को कार्यवाहक मंत्री बनाया गया है। शिनावात्रा ने खुद संस्कृति मंत्री का पद संभाला है।*

### दुश्मन देश के नेता को 'अंकल' बुलाया

सीमा विवाद को सुलझाने के लिए शिनावात्रा ने कंबोडिया के ताकतवर नेता हुन सेन के साथ फोन पर बातचीत की थी, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग लीक हो गई। इस फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं ने सीमा विवाद पर चर्चा की और बातचीत में शिनावात्रा ने हुन सेन को 'अंकल' कहकर संबोधित किया। साथ ही कहा कि अगर उन्हें कुछ चाहिए तो वह उसका ख्याल रखेंगी। इसके अलावा शिनावात्रा ने थाई सैन्य कमांडर को अपना 'प्रतिद्वंद्वी' बताया, जिसके कारण पीएम की काफी आलोचना हुई और उन पर दुश्मन देश के आगे घुटने टेकने का आरोप लगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109